من بانی



ڈاکٹر شبنم عشائی

من بانی



ڈاکٹر شبنم عشائی

Digitized By e Gangotri and Kashmir Treasure

من بانی

(نظمیں)

ڈاکٹر شبنم عشائی

مکتبہ استعارہ

۲۴۸، غفار اپارٹمنٹس، غفار منزل ایکسٹینشن
استعارہ، لین، جامعہ نگر، نئی دہلی ۔ ۱۱۰۰۲۵

MAN BAANI

(Collection of Poems)

by

Dr. Shabnam Ashai

نام کتاب	:	من بانی
شاعرہ	:	ڈاکٹر شبنم عشائی
پتہ	:	عشائی منزل، تاپر، پٹن۔۱۹۳۱۲۱ (جے اینڈ کے)
تعداد	:	۵۰۰
سالِ اشاعت	:	۲۰۰۲ء
کمپوزنگ	:	محمد اکرام خان
طابع	:	پرنٹ سینٹر، دریا گنج، نئی دہلی۔۲
زیرِ اہتمام	:	مکتبہ استعارہ، ۲۴۸، غفار اپارٹمنٹس، غفار منزل ایکسٹینشن استعارہ لین، جامعہ نگر، نئی دہلی۔۱۱۰۰۲۵
قیمت	:	Rs. 250.00

تقسیم کار:

- مکتبہ جامعہ لمیٹیڈ، نئی دہلی، ممبئی، علی گڑھ،
- بک امپوریم، سبزی باغ، پٹنہ
- الکتاب، یتیم خانہ کمپلیکس، اَرریا۔۸۵۴۳۱۱
- مکتبہ دین وادب، امین الدولہ پارک، لکھنؤ
- آزاد کتاب گھر، ساکشی بازار، جمشید پور
- ایجوکیشنل پبلشنگ ہاؤس، لال کنواں، دہلی
- مکتبہ سیاست، جواہر لال نہرو روڈ، حیدر آباد

انتساب

ماں!

آپ کے نام

O

ढेर सारी
रेत के नीचे दबी
एक रूह
देर गए
रेत हटाने की कोशिश में
अपने नाख़ून तौड़ बैठी
यूं तो

سولبھ انٹرنیشنل ساھتیہ اکیڈمی نئی دھلی
کے مالی تعاون اور اشتراک سے شائع ھوئی

O

ढेर सारी
रेत के नीचे दबी
एक रूह
देर गए
रेत हटाने की कोशिश में
अपने नाखून तौड़ बैठी
यूं तो

وجودی فکر کا شعری اظہار

تخلیقی ادب کی روایت میں ایسے فن کار بہت کم ہیں جو کسی ادبی تہذیب سے الگ تھلگ ہوتے ہوئے بھی اپنے اظہار کی مختلف کائنات تخلیق کرتے ہیں۔ ایسی شخصیات میں ایک نام 'کافکا' کا ہے جس نے لسانی اور ادبی تصورات سے ماوراء ہوکر ایسے افسانے تخلیق کیے، جن کا رشتہ صرف فن کار کی ذات سے تھا۔ کافکا کے علاوہ ایملی برونٹے کا نام بھی لیا جاسکتا ہے جس نے انگلستان کے ایک دور افتادہ دیہی ماحول میں اور ادبی معاشرت سے الگ تھلگ رہتے ہوئے وورنگ ہائٹس (عشق بلاخیز) جیسا ناول تخلیق کیا اور پوری دنیا کے ادب میں ایک انفرادی مثال قائم کردی۔ ادب کی ان انفرادی شخصیات کے تناظر میں ہم شبنم عشائی کو بھی شامل کرسکتے ہیں جو کشمیر کے مشہور شاعر غنی کاشمیری کے خانوادے سے تعلق رکھتی ہیں اور اردو میں نظمیں لکھتی ہیں۔

کشمیر کا ماحول ہندوستان کے باقی لینڈ اسکیپ سے بالکل مختلف ہے۔ یہاں کے فلک بوس پہاڑ اور برفانی منظروں میں ڈوبی ہوئی فضا، انفرادی شخصیت کو معاشرتی سرگرمیوں سے کسی قدر محدود رکھتی ہے۔ یہاں ریشیت اور صوفیوں کی ایک ایسی تہذیب موجود ہے جس نے انسانی فکر کی انفرادی پرتیں تلاش کی ہیں۔ کشمیر کی ادبی روایت میں للہ عارفہ کا نام بھی ہے اور شیخ نور الدین کا بھی۔ یہ روایت بھی موجود ہے کہ للہ عارفہ عریانی کے عالم میں وادیوں میں گھومتی رہی لیکن اس نے اپنی عریانی کے لیے ان نگاہوں کو ہی قصوروار ٹھہرایا جو انسانی شخصیت کو صحیح طور پر شناخت نہیں کرسکتیں۔ شبنم عشائی کی نظمیں پڑھتے ہوئے مجھے اکثر و بیشتر للہ عارفہ کی روایت اپنے آپ کو دہراتی ہوئی نظر آتی ہے۔ ان نظموں میں شخصیت کی داخلی عریانی بھی ہے اور وہ ستر پوشی بھی جو جسم اور روح کے اسرار کو پنہائیوں میں سمیٹ لیتی ہے۔ کشمیری ادب کی

वजूदी फ़िक्र का शेरी इज़्हार

तख़्लीक़ी अदब की रिवायत में ऐसे फ़नकार बहुत कम हैं जो किसी अदबी तहज़ीब से अलग थलग होते हुए भी अपने इज़्हार की मुख़्तलिफ़ काइनात तख़्लीक़ करते हैं। ऐसी शख़्सियात में एक नाम 'काफ़्का' का है जिसने लिसानी और अदबी तसव्वुरात से मावरा होकर ऐसे अफ़साने तख़्लीक़ किये, जिनका रिश्ता सिर्फ़ फ़नकार की ज़ात से था। काफ़्का के अलावा एमली ब्रोंटी का नाम लिया जा सकता है जिसने इंगलिस्तान के एक दूर उफ़तादा देही माहौल में और अदबी मुआशेरत से अलग थलग रहते हुए वुदरिन्ग हाइटस (इश्क़ बला ख़ेज़) जैसा नाविल तख़्लीक़ किया और पूरी दुनिया के अदब में एक इंफ़िरादी मिसाल क़ायम कर दी। अदब की इन इंफ़िरादी शख़्सियत के तनाज़ुर में हम शबनम अशाई को भी शामिल कर सकते हैं जो कश्मीर के मशहूर शायर ग़नी काशमीरी के ख़ान्वादे से तअल्लुक़ रखती हैं और उर्दू में नज़्में लिखती हैं।

कश्मीर का माहौल हिन्दुस्तान के बाक़ी लैंडस्केप से बिल्कुल मुख़्तलिफ़ है। यहां के फ़लक बोस पहाड़ और बरफ़ानी मांज़रों में डूबी हुई फ़िज़ा, इंफ़िरादी शख़्सियत को मुआशिरती सरगर्मियों से किसी क़दर महदूद रखती है। यहां रिशियत और सूफ़ियों की एक ऐसी तहज़ीब मौजूद है जिसने इंसानी फ़िक्र की इंफ़िरादी पर्तें तलाश की हैं। कश्मीर की अदबी रिवायत में लल्ला आरिफ़ा का नाम भी है और शैख़ नूरूद्दीन का भी। यह रिवायत भी मौजूद है कि लल्ला आरिफ़ा उर्यानी के आलम में वादियों में घूमती रही लेकिन उसने अपनी उर्यानी के लिए उन निगाहों को ही क़सूरवार ठहराया जो इंसानी शख़्सियत को सही तौर पर शनाख़्त नहीं कर सकतीं। शबनम अशाई की नज़्में पढ़ते हुए मुझे अक्सरो बेशतर लल्ला आरिफ़ा की रिवायत अपने आपको दुहराती हुई नज़र आती है। इन नज़्मों में शख़्सियत की दाख़िली उर्यानी भी है और वह सतरपोशी भी जो जिस्म और रूह के असरार को पिनहाइयों में समेट लेती है। कश्मीरी अदब की

روایت اور وجود کا احساس، یہ دو بنیادی استعارے ہیں جن کے اشتراک نے شبنم عشائی کی نظموں کو بے حد مختلف اور اہم بنا دیا ہے۔

اس تناظر کا ایک اور پہلو بھی ہے۔ شبنم عشائی Existentialism (وجودیت) کی اسکالر ہیں۔ بیسویں صدی کا یہ فلسفہ، ہمارے عہد اور جدید دنیا کی انسانی سوچ پر اتنا محیط ہے کہ کسی دوسرے نظریے کی چھاپ اس پر اثر انداز نہیں ہو سکی۔ سبب یہ ہے کہ انسان اور آسمانوں سے اس کا رشتہ ختم سا ہو گیا ہے۔ خدا کا وجود فکر کے کہروں میں لپٹا ہوا موجود تو ہے لیکن اس کی تائید اور تسخیر کرنے والے ذہن ناپید ہیں۔ وجود روح پر حاوی ہو چکا ہے۔

Existence before essence

شبنم عشائی کی تخلیقی شخصیت میں اس وجودی فکر کا بڑا عمل دخل ہے۔ ان کا وجدان کی خودی ہے اور خودی ایک آئینہ ہے یا جام جمشید ہے جس میں شبنم عشائی کے تخلیقی ذہن کی کائنات، زندگی اور شخصیت کے تمام اسرار نمایاں نظر آتے ہیں۔ ان عناصر میں ایک اضطراب ہے، ایک Tension ہے، ایک تصادم ہے جو شبنم کی نظموں کو ایک چکرویو کی طرح اپنے محور پر گھماتا رہتا ہے۔ الگ تھلگ عکس نظر آتے ہیں اور پھر آپس میں گڈمڈ ہو جاتے ہیں۔ اس انداز فکر کی تھوڑی سی وضاحت کے لیے شبنم کی ایک مختصر نظم کا حوالہ دینے کی خواہش ہے:

وجود کے جو حصے
وجود کی تلاش میں کھو جاتے ہیں
اُن کا اندراج
زندگی کی کسی بھی File میں نہیں ملتا۔
ہاں ان نظموں میں
جو آنسوؤں کی روشنائی سے
لکھی گئی ہوں
وہ حصے بلتے ہیں
لیکن پھر ہمیں تاریکی کو
اپنا نشیمن بنانا پڑتا ہے

Digitized By e Gangotri and Kashmir Treasure

रिवायत और वजूद का एहसास, यह दो बुनियादी इस्तेआरे हैं जिनके इश्तेराक ने शबनम अशाई की नज़्मों को बेहद मुख़्तलिफ़ और अहम बना दिया है।

इस तनाज़ुर का एक और पहलू भी है। शबनम अशाई Existentialism (वजूदियत) की स्कालर हैं। बीसवीं सदी का यह फ़लसफ़ा, हमारे अहद और जदीद दुनिया की इंसानी सोच पर इतना मुहीत है कि किसी दूसरे नज़रिए की छाप उसपर नज़र अंदाज़ नहीं हो सकी। सबब यह है कि इंसान और आसमानों से उसका रिश्ता ख़त्म सा हो गया है। ख़ुदा का वजूद फ़िक्र के कुहरों में लिपटा हुआ मौजूद तो है लेकिन इसकी ताईद और तस्ख़ीर करने वाले ज़िहन नापैद हैं। वजूद रूह पर हावी हो चुका है। Existence before essence

शबनम अशाई की तख़्लीक़ी शख़्सियत में उस वजूदी फ़िक्र का बड़ा अमल दख़ल है। उनका वजूद उनकी ख़ुदी है और ख़ुदी एक आइना है या जामे जमशेद है जिसमें शबनम अशाई के तख़्लीक़ी ज़िहन की काइनात, ज़िंदगी और शख़्सियत के तमाम असरार नुमायां नज़र आते हैं। उन अनासिर में एक इज़्तेराब है, एक Tension है, एक तसादुम है जो शबनम की नज़्मों को एक चक्रवियुह की तरह अपने मिहवर पर घुमाता रहता है। अलग थलग अक्स नज़र आते हैं और फिर आपस में गुड मुड हो जाते हैं। इस अंदाज़े फ़िक्र की थोड़ी सी वज़ाहत के लिए शबनम की एक मुख़्तसर नज़्म का हवाला देने की ख़्वाहिश है:

वजूद के जो हिस्से
वजूद की तलाश में खो जाते हैं
उनका इंद्राज
ज़िंदगी की किसी भी File में नहीं मिलता
हां उन नज़्मों में
जो आंसुओं की रोशनाई से
लिखी गई हूं
वह हिस्से बस्ते हैं
लेकिन फिर हमें तारीकी को
अपना नशीमन बनाना पड़ता है

اس راز سے زندگی نہیں
وجود واقف ہے
اور ہم
وجود نہیں
زندگی جیتے ہیں!

اس نظم میں شبنم نے یہ واضح کیا ہے کہ زندگی کی افہام وتفہیم سے زیادہ وجود کا ناگزیر ہونا اور اس کا اعتراف کرنا زیادہ ضروری ہے کہ زندگی کے عرفان کے لیے یہی ایک وجودی طریقۂ کار ہے۔

شبنم کی نظموں میں موت کی سی خاموشی ہے۔ لیکن خاموشی میں داخلی طوفانوں کا ایک اژدحام موجود ہے۔ یوں محسوس ہوتا ہے کہ شبنم کی ہر نظم ایسی قبروں کا نوحہ ہے جن پر کتبے نہیں ہیں۔ نامعلوم اموات کے انبوہ میں زندگی کی کرچیں کچھ اس طرح چمکتی رہتی ہیں جیسے یہ نظمیں احساس کے المیوں کی بڑی منفرد داستان ہیں اور ان داستانوں میں شاعر کی شخصیت کے علاوہ ہمارے عہد کی داخلی سوچ کے شعلے اپنے خاکستر سے چمکتے رہتے ہیں اور منصوبہ بند زندگی کا مذاق اڑاتے رہتے ہیں۔

یہ نظم پڑھیے:

جب ہم کسی خیال کو
زندگی دینے سے رہ جاتے ہیں
تو وہ دفن ہو کر
من میں قبر بنا لیتا ہے!
ایسی قبریں
بنا کتبے کے ہوتی ہیں
اور چرواہے اکثر
مویشیوں کو
ایسے قبرستانوں میں

इस राज़ से ज़िंदगी नहीं
वजूद वाक़िफ़ है
और हम
वजूद नहीं
ज़िंदगी जीते हैं!

इस नज़्म में शबनम ने यह वाज़ेह किया है कि ज़िंदगी की इफ़हामो तफ़हीम से ज़्यादा वजूद का नागुज़ीर होना और उसका ऐतेराफ़ करना ज़्यादा ज़रूरी है कि ज़िंदगी के इर्फ़ान के लिए यही एक वजूदी तरीक़ेकार है।

शबनम की नज़्मों में मौत की सी ख़ामोशी है। लेकिन ख़ामोशी में दाख़िली तूफ़ानों का एक इज़देहाम मौजूद है। यूं महसूस होता है कि शबनम की हर नज़्म ऐसी क़ब्रों का नौहा है जिन पर कत्बे नहीं है। नामालूम अमवात के अंबोह में ज़िंदगी की क्रिचें कुछ इस तरह चमकती रहती हैं जैसे यह नज़्में एहसास के अलमियों की बड़ी मुंफ़रिद दास्तान हैं और इन दास्तानों में शायर की शख़्सियत के अलावा हमारे अहद की दाख़िली सोच के शोले अपने ख़ाकिस्तर से चमकते रहते हैं और मंसूबा बंद ज़िंदगी का मज़ाक़ उड़ाते रहते हैं।

यह नज़्म पढ़िये:

जब हम किसी ख़्याल को
ज़िंदगी देने से रह जाते हैं
तो वह दफ़न हो कर
मन में क़ब्र बना लेता है!
एसी क़ब्रें
बना कतबे के होती हैं
और चरवाहे अक्सर
मवेशियों को
ऐसे क़ब्रस्तिानों में

چراتے ہیں
قبریں اندھی ہوتی ہیں
خیال اندھے نہیں ہوتے
وہ قبر سے بھی
جھانکتے رہتے ہیں
گزرتے ہوئے ہر پیر کی
آہٹ کا مزہ لیتے ہیں
اور ہمیں
قرار دیتے ہیں!

شبنم کے پہلے مجموعہ سے اب تک کی نظموں میں ایک ارتقائی تخلیقی سفر کا بھی استعارہ موجود ہے۔ ابتدائی عہد کی نظموں میں شبنم کی بیشتر شاعری خود کلامی کا طرز اختیار کئے ہوئے تھی، اس کے بعد سایوں کے طور پر کسی دوسری شخصیت کے احساس میں مدغم ہوجانے کی کیفیت بھی موجود ہے۔ یہ ثنویت کی منزل ہے جہاں وجود کو اپنے مقابل کوئی دوسرا وجود متصادم نظر آتا ہے۔ اس منزل پر شبنم عشائی کی نظمیں زندگی کی پہلی کنواری ہمرشتگی کا منظرنامہ بن جاتی ہیں۔ ایک نظم اس کی وضاحت کے لیے بہت کافی ہے:

لاؤ ذرا پہن لوں تمہیں
تنہائی اُتار دی میں نے
باہر کاریڈور میں پڑی سسک رہی ہے
اپنے دھیمے لہجے میں
وہ ساری داستانیں سناتی
جنہیں سن کر میں دھیمی آنچ پر
پہروں سلگتی تھی...
لاؤ ذرا پہن لوں تمہیں
وہ key hole سے جھانک رہی ہے

चराते हैं
क़ब्रें अंधी होती हैं
ख़्याल अंधे नहीं होते
वह क़ब्र से भी
झांकते रहते हैं
गुज़रते हुए हर पैर की
आहट का मज़ा लेते हैं
और हमें
करार देते हैं!

शबनम के पहले मजमूआ से अब तक की नज़्मों में एक इरतिक़ाई तख़्लीक़ी सफ़र का भी इस्तेआरा मौजूद है। इब्तेदाई अहद की नज़्मों में शबनम की बेश्तर शायरी खुदकलामी का तर्ज़े इख़तियार किए हुए थी, उसके बाद सायों के तौर पर किसी दूसरी शख़्सियत के एहसास में मुदग़म हो जाने की कैफ़ियत भी मौजूद है। यह सनवियत की मंज़िल है जहां वजूद को अपने मुक़ाबिल कोई दूसरा वजूद मुतसादिम नज़र आता है। इस मंज़िल पर शबनम अशाई की नज़्में ज़िंदगी की पहली कुंवारी हमरिश्तगी का मंज़र नामा बन जाती हैं। एक नज़्म इसकी वज़ाहत के लिए बहुत काफ़ी है:

लाओ ज़रा पहन लूं तुम्हें
तंहाई उतार दी मैंने
बाहर कॉरीडोर में पड़ी सिसक रही है
अपने धीमे लहजे में
वह सारी दास्तान सुनाती
जिन्हें सुन कर मैं धीमी आंच पर
पहरों सुलगती थी.....
लाओ ज़रा पहन लूं तुम्हें
वह key hole से झांक रही है

جیسے ہم موقعہ پاتے ہی
اپنے اصل میں جھانکتے ہیں
اس سے پہلے کہ وہ
مجھے ننگا دیکھ پائے
لاؤ ایک دوسرے کی اصل میں
شامل ہو جائیں
میں اپنی ساری شبنم
تمہاری پلکوں پہ گراتی ہوں
تم میری سانسوں کی پگڈنڈی سے
میرے اندر اُتر آؤ
میں ڈھک جاؤں گی
اپنی اصل کی اماں پاؤں گی
لاؤ ذرا پہن لوں تمہیں

وجودی فکر سے وابستگی کا ایک اور پہلو شبنم کی شاعری میں بدھ کے فلسفہ سے قریب آجاتا ہے۔ یہ منزل نروان کے حصول اور نروان کے سفر کی ہے۔ پامالیوں سے مسلسل دست و گریبان رہنے کے بعد سوچ کی منزلیں کس طرح نکھرتی ہیں اور کس طرح وجود کی تمکنت پر روشنی کے قطرے ابھر کر آتے ہیں۔ اس کی کیفیت شبنم عشائی کی بہت سی نظموں میں موجود ہے۔ ایک مختصر نظم اس کی وضاحت کر سکتی ہے:

تم نے مجھے اتنی بار مٹا دیا ہے
کہ اب میں
بنا کسی چہرے کے
جی سکتی ہوں
لیکن کوئی مجسمہ نہیں بن سکتی!
اگر ایک بار بھی

जैसे हम मौक़ा पाते ही
अपने असल में झांकते हैं
इस से पहले कि वह
मुझे नंगा देख पाये
लाओ एक दूसरे की असल में
शामिल हो जायें
मैं अपनी सारी शबनम
तुम्हारी पल्कों पे गिराती हूं
तुम मेरी सांसों की पगडंडी से
मेरे अंदर उतर आओ
मैं ढक जाऊंगी
अपनी असल की अमां पाऊंगी
लाओ ज़रा पहन लूं तुम्हें

वजूदी फ़िक्र से वाबस्तगी का एक और पहलू शबनम की शायरी में बुद्ध के फ़लसफ़ा से क़रीब आ जाता है। ये मंज़िल निरवान के हुसूल और निरवान के सफ़र की है। पामालियों से मुसलसल दस्तों गिरेबां रहने के बाद सोच की मंज़िलें किस तरह निखरती हैं और किस तरह वजूद की तमकिनत पर रोशनी के क़त्रे उभर कर आते हैं। इसकी कैफ़ियत शबनम अशाई की बहुत सी नज़्मों में मौजूद है। एक मुख़्तसर नज़्म इसकी वज़ाहत कर सकती है:

तुमने मुझे इतनी बार मिटा दिया है
कि अब मैं
बिना किसी चेहरे के
जी सकती हूं
लेकिन कोई मुजस्समा नहीं बन सकती!
अगर एक बार भी

من بانی—16

تم مجھے
پڑھنے کے بعد مٹاتے
میں دکھ تراشنے کی مشق
نہیں دہراتی
تم دوسروں کو
دکھ دینے کی سرشاری میں
جی سکتے ہو
میں بہت سارے دکھ تراش کر
کوئی مجسمہ بنا سکتی ہوں
ایک بار
ایک دکھ کی دلھن
تم بھی لے لو
مجھے کسی
دکھ کا چہرہ بناتے ہوئے
لکھ لو

شبنم کی شاعری پڑھتے ہوئے میرے ذہن میں یہ سوال پیدا نہیں ہوتا کہ شاعری کا مقصد کیا ہے لیکن ہزاروں برس سے انسان شعری پیرائے میں اپنے اظہار کو پیش کرتا رہا ہے۔ تہذیب کے پہلے سورج سے آج تک شعر کے سلسلے میں بہت سے سوالات بھی قائم کئے جاتے رہے ہیں۔ ادبی فکر کے بہت سے ایسے مکاتب بھی وجود میں آچکے ہیں جو تخلیق فن کے ضابطے، قاعدے قوانین مقرر کرتے ہیں۔ میں تنقیدی جارگنوں سے شعر کو پڑھنے یا اسکے وجود کو پہچاننے کا عادی نہیں ہوں۔ مجھے یہ علم ہے کہ الوہی اظہار کے تمام ترپیانے ایک ردم، سنگیت اور ناگفتہ منطق کے حامل ہوتے ہیں۔ نغمات داؤدی پڑھتے ہوئے میرے ذہن میں یہ تصور بھی قائم نہیں ہوتا کہ یہ پیمبرانہ پیغام ہے۔ الوہی اظہار کی اسی کیفیت کی وجہ سے مقدس صحیفوں کے سلسلے میں شاعرانہ اظہار کا الزام عائد ہوتا رہا ہے۔ تاہم شاعری بہرحال ایک الگ انفرادی اظہار ہے اور

Digitized By e Gangotri and Kashmir Treasure

तुम मुझे
पढ़ने के बाद मिटाते
मैं दुख तराशने की मश्क़
नहीं दोहराती
तुम दूसरों को
दुख देने की सरशारी में
जी सकते हो
मैं बहुत सारे दुख तराश कर
कोई मुजस्समा बना सकती हूं
एक बार
एक दुख की दुखन
तुम भी ले लो
मुझे किसी
दुख का चेहरा बनाते हुए
लिख लो

शबनम की शायरी पढ़ते हुए मेरे ज़िहन में यह सवाल पैदा नहीं होता कि शायरी का मक़सद क्या है लेकिन हज़ारों वर्ष से इंसान शेरी पैराये में अपने इज़्हार को पेश करता रहा है। तहज़ीब के पहले सूरज से आज तक शेर के सिलसिले में बहुत से सवालात भी क़ायम किए जाते रहे हैं। अदबी फ़िक्र के बहुत से ऐसे मकातिब भी वजूद में आ चुके हैं जो तख़्लीके फ़न के ज़ाबते, क़ायदे क़वानीन मुक़र्रर करते हैं। मैं तंक़ीदी जागर्नों से शेर को पढ़ने या उसके वजूद को पहचानने का आदी नहीं हूं। मुझे यह इल्म है कि उलूही इज़्हार के तमाम तर पैमाने एक रिदम, संगीत और नागुफ़्ता मंतिक़ के हामिल होते हैं। नग़माते दाऊदी पढ़ते हुए मेरे ज़िहन में यह तसव्वुर भी क़ायम नहीं होता कि यह पयम्बराना पैग़ाम है। उलूही इज़्हार की इसी कैफ़ियत की वजह से मुक़द्दस सहीफ़ों के सिलसिले में शाइराना इज़्हार का इल्ज़ाम आयद होता रहा है। ताहम शायरी बहरहाल एक अलग इंफ़िरादी इज़्हार है और

یہ تخلیق کے تناور درخت پر کھلتے ہوئے پھولوں کا سا ذائقہ اور ردم پیش کرتا ہے۔ شبنم کی نظموں میں یہ ردم اور خود کار فکر کے غنچے اس لیے بھی زیادہ انوکھے محسوس ہوتے ہیں کہ ان میں وادی کشمیر کی سی انفرادیت اور پاکیزگی ہے۔ شبنم کی نظمیں ایک سطح پر اردو میں ایک انتہائی الگ طرز کا مرقع ہیں۔ ان میں سراسیمگی بھی ہے۔ تجسس بھی اور پیکار بھی — یہ شاعری صرف ایک عورت کی شاعری نہیں ہے۔ ایک ایسے وجود کی شاعری ہے جس نے اپنے عہد میں زندگی کے نشیب و فراز کو بھوگا ہے۔ شبنم کا وجودی اظہار تانیثیت کے اس ادب کا واضح ثبوت ہے جس میں عورت کی خودی، اس کا اظہار اور اس کی بغاوت، مرد کی شاعری سے مختلف ہو جاتی ہے۔ اب تک اردو شاعری میں جو خواتین شعراء سامنے آتی رہی ہیں، ان میں یہ خصوصیات کم کم موجود ہیں۔ شبنم نے اپنے پورے شعری اختیار کو ایک مخلوط اور نامیاتی کل کا پیکر بنایا ہے۔ یہ نظمیں رنج و غم، درد و فراق، احساس شکست و اضطراب اور بعض گم شدہ مسرتوں کے ایسے پھولوں سے گوندھی گئی ہیں جو ایک شعری گلدستے کی حیثیت سے ہمارے عہد کی شاعری اور نظم کی شاعری کو ایک نیا وقار عطا کر رہی ہیں۔

شبنم عشائی کی تخلیق اور سوچ میں بے حد عمیق درک موجود ہے لیکن شعری اظہار ان سے یہ بھی تقاضہ کرتا ہے کہ وہ اپنے تخلیقی سفر میں جولانی اور ست روی کے پیرایوں سے بھی واقف ہوں۔ انہیں یہ بھی اندازہ ہو کہ شاعری میں "میں"، "تم"، "وہ" کے تخاطب میں اظہار کی انفرادی اور مکمل شخصیت کو بکھرنے سے کیسے بچایا جا سکتا ہے۔

اطمینان کی بات یہ ہے کہ ہنوز شبنم کی شاعری میں "میں" کا وجود انہدام یا انتشار کی منزلوں تک نہیں پہنچا۔ وہ ابھی فن کے اور اظہار کے بے پناہ تقاضوں سے نبرد آزما ہو سکتی ہیں۔ زندگی اور سوچ انہیں دعوت فکر دے رہی ہے۔ ان کی نظمیں خود ان سے مطالبہ کر رہی ہیں کہ وہ اپنے وجود کی کائنات میں ابھی بہت سے بڑے اظہارات کو پناہ دے سکتی ہیں اور ان کی شاعری اردو میں ایک منفرد طرز اور شخصیت کا پیمانہ اور محور بن سکتی ہے۔ اس لیے کہ انہوں نے یہ عرفان حاصل کر لیا ہے کہ اظہار کی شخصیت کو ٹیلکم، پاؤڈر سے نفیس بنانے کے بجائے نمک چھڑک کر اسے سلگتا ہوا بے چین اور مضطرب رکھنے کی ضرورت ہے۔ یہی ان کی تخلیقی منزل ہے اور یہی ان کی انفرادیت کے سفر کی پہلی منزل ثابت ہو سکتی ہے:

ये तख़्लीक़ के तनावर दरख़्त पर खिलते हुए फूलों का सा ज़ाइक़ा और रिदम पेश करता है। शबनम की नज़्मों में ये रिदम और खुदकार फ़िक्र के गुंचे इस लिए भी ज़्यादा अनोखे महसूस होते हैं कि उनमें वादिए कश्मीर की सी इंफ़िरादियत और पाकीज़गी है। शबनम की नज़्में एक सतह पर उर्दू में एक इंतेहाई अलग तर्ज़ का मुरक्क़ा हैं। उनमें सरासीमगी है, तजस्सुस भी और पैकार भी ये शायरी सिर्फ़ एक औरत की शायरी नहीं है। एक ऐसे वजूद की शायरी है जिस ने अपने अहद में ज़िदंगी के नशेबो फ़राज़ को भोगा है। शबनम का वजूदी इज़्हार तानीसियत के उस अदब का वाज़िह सबूत है जिस में औरत की खुदी, उसका इज़्हार और उसकी बग़ावत, मर्द की शायरी से मुख़्तिलफ़ हो जाती है। अब तक उर्दू शायरी में जो ख़्वातीन शोरा सामने आती रही हैं, उनमें ये खुसूसियात कम कम मौजूद हैं। शबनम ने अपने पूरे शेरी इज़्हार को एक मख़्लूत और नामियाती कुल का पैकर बनाया है। ये नज़्में रंजो ग़म, दर्दो फ़िराक़, एहसासे शिकस्त व इज़्तेराब और बाज़ गुमशुदा मुसर्रतों के ऐसे फूलों से गूंधी गई हैं जो एक शेरी गुलदस्ते की हैसियत से हमारे अहद की शायरी और नज़्म की शायरी को एक नया वक़ार अता कर रही हैं।

शबनम अशाई की तख़्लीक़ और सोच में बेहद अमीक़ दर्क मौजूद है लेकिन शेरी इज़्हार इनसे यह भी तक़ाज़ा करता है कि वह अपने तख़्लीक़ी सफ़र में जूलानी और सुस्त रवी के पैरायों से भी वाक़िफ़ हूं। उन्हें यह भी अंदाज़ा हो कि शायरी में "मैं", "तुम", "वह" के तख़ातुब में इज़्हार की इंफ़िरादी और मुकम्म्ल शख़्सियत को बिखरने से कैसे बचाया जा सकता है।

इत्मींनान की बात यह है कि हनूज़ शबनम की शायरी में "मैं" का वजूद इन्हेदाम या इन्तेशर की मंज़िलों तक नहीं पहुंचा। वह अभी फ़न के और इज़्हार के बेपनाह तक़ाज़ों से नबर्द आज़मा हो सकती हैं। ज़िंदगी और सोच उन्हें दावते फ़िक्र दे रही है। उनकी नज़्में खुद उनसे मुतालबा कर रही हैं कि वह अपने वजूद की काइनात में अभी बहुत से बड़े इज़्हारात को पनाह दे सकती हैं और उनकी शायरी उर्दू में एक मुंफ़रिद तर्ज़ और शख़्सियत का पैमाना और मिहवर बन सकती है। इस लिए कि उन्होंने यह इर्फ़ान हासिल कर लिया है कि इज़्हार की शख़्सियत को, टेलकम पाउडर से नफ़ीस बनाने के बजाये नमक छिड़क कर उसे सुलगता हुआ बेचैन और मुज़्तरिब रखने की ज़रूरत है। यही उनकी तख़्लीकी मंज़िल है और यही उनकी इंफ़िरादियत के सफ़र की पहली मंज़िल साबित हो सकती है:

من بانی—20

میں جسم پہ Telcum نہیں
اپنے وجود پہ
نمک چھڑکنا چاہتی ہوں
صدیوں سے جمی ہوئی
برف کاٹنا چاہتی ہوں
کیا تم رشتوں کا الاؤ
دہکا سکتے ہو؟
میں اپنی آنکھوں کو
آنسوؤں سے
طلاق دلانا چاہتی ہوں
جو صدیوں سے
آنسو کاشت کر رہی ہیں
کیا تم میری آنکھوں کو
خواب دے سکتے ہو؟
زمانے کے بکھیڑوں میں نہیں
من کی دنیا میں
گھر بنانا چاہتی ہوں
بس اب میں
دل کی بات سننا چاہتی ہوں
کیا تم میرے من میں
بول سکتے ہو

مئی دو ہزار دو

मैं जिस्म पे Telcum नहीं
अपने वजूद पे
नमक छिड़कना चाहती हूं
सदियों से जमी हुई
बर्फ़ काटना चाहती हूं
क्या तुम रिश्तों का अलाव
दहका सकते हो?
मैं अपनी आंखों को
आंसुओं से
तलाक़ दिलाना चाहती हूं
जो सदियों से
आंसू काश्त कर रही हैं
क्या तुम मेरी आंखों को
ख़्वाब दे सकते हो?
ज़माने के बखेड़ों में नहीं
मन की दुनिया में
घर बनाना चाहती हूं
बस अब
दिल की बात सुनना चाहती हूं
क्या तुम मेरे मन में
बोल सकते हो?

महमूद हाश्मी
(नई दिल्ली)

मई दो हज़ार दो

میری شاعری کا موسم

کچھ دن ہوئے ساہتیہ اکادمی والوں نے مجھے ''میں اور میری آواز'' کے موضوع پر سامعین سے بات کرنے کے لیے کہا تھا۔ تب میں نے کہا تھا، میں اور میری آواز ایک مفروضہ ہے اور مفروضے کے دو حصے ہیں، ایک ''میں'' دوسرا ''میری آواز'' — میں اور میری آواز کا کوئی اپنا وجود نہیں ہے بلکہ یہ مفروضہ ایک اکائی ہے جس کی تقسیم ممکن نہیں۔ ''میں'' میں ہوں اور ''میں'' ہی میری آواز ہے۔ میری آواز الگ سے کوئی حیثیت نہیں رکھتی ہے۔

انجیل مقدس میں کہا گیا ہے کہ ابتداء میں کلام تھا ''کلام'' خدا کے ساتھ تھا اور کلام خود خدا تھا۔ اس تناظر میں دیکھا جائے تو ''میں'' آواز ہوں اور یہ آواز ''میں'' کے ساتھ ہے اور آواز ہی میں ہوں۔ میری تاریخی حیثیت کیا ہے۔ بقول انجیل مقدس ''میں'' آدم کی بائیں پسلی سے نکلی ہوں۔ جنت میں آدم کے اکیلے پن کو دور کرنے کے لیے میں وجود میں آگئی ہوں۔'' اس کی تصدیق قرآن کریم نے بھی کی ہے کہ میں جنت میں آدم کے ہم دوش رہا کرتی تھی اور شجر ممنوعہ میرے تجسس کو ابھارتا رہا۔ تجسس کی آگ میں برداشت نہ کرسکی اور شجر ممنوعہ کی جانب میرے ہاتھ اٹھے۔ ابھی میں اس شجر کے پھل کو چکھ ہی رہی تھی کہ بارگاہِ الٰہی سے حکم صادر ہوا کہ مجھے جنت سے نکال دیا جائے۔ مجھے جنت سے نکال دیا گیا۔ جب سے تڑپ رہی ہوں۔ میرا مرد آدم اپنی پسلی کا گھاؤ لیے خاک بہ سر پھر رہا ہے۔ نجات پانے کے وسیلے ڈھونڈ رہا ہے۔ نجات کے وسیلوں کی تلاش میں اُس نے کئی نظریے تراشے اور اُن نظریوں کی روشنی میں پسلی کے گھاؤ کو پاٹنے کے ہزارہا جتن کیے۔ جنت سے نکال دیے جانے کا صدمہ لیے خون کے آنسو بہانے میں آدم نے اپنی سرگذشت دہرانی شروع کردی کہ شاعری معرضِ وجود میں آگئی۔ چونکہ دنیا کی سطح پر جب اس کے ہاتھ کچھ نہیں آیا تو آدم

मेरी शायरी का मौसम

कुछ दिन हुए साहित्य अकादेमी वालों ने मुझे "मैं और मेरी आवाज़" के मोजुअ पर सामईन से बात करने के लिए कहा था। "मैं और मेरी आवाज़" एक मफ़रूज़ा है और मफ़रूज़ा के दो हिस्से हैं, एक "मैं" और दूसरा "मेरी आवाज़"। "मैं" और "मेरी आवाज़" का कोई अपना वजूद नहीं है बल्कि यह मफ़रूज़ा एक इकाई है जिसकी तक़सीम मुमकिन नहीं। "मैं" मैं हूं और "मैं" ही मेरी आवाज़ है। मेरी आवाज़ कोई अलग से हैसियत नहीं रखती है।

इंजील-ए-मुक़द्दस में कहा गया है कि इब्तिदा में कलाम था। कलाम खुदा के साथ था ओर कलाम खुद खुदा था। इस तनाजुर में देखा जाए तो "मैं" आवाज़ हूं और यह आवाज़ "मैं" के साथ है और आवाज़ ही मैं हूं। मेरी तारीख़ी हैसियत क्या है। बक़ौल-ए-इंजील-ए-मुक़द्दस "मैं" आदम की बायीं पस्ली से निकली हूं। जन्नत में आदम के अकेलेपन को दूर करने के लिए मैं वजूद में आ गई हूं" इसकी तसदीक़ कुरान-ए-करीम ने भी की है कि मैं जन्नत में आदम के हम देश रहा करती थी और शजर-ए-ममनूआ मेरे तजअसुस को अभारता रहा। तजअसुस की आग में बर्दाश्त न कर सकी और शजर-ए-ममनूआ की जानिब मेरे हाथ उठे। अभी मैं इस शजर के फ्ल को चख ही रही थी कि बारगाहे इलाही से हुक्म सादिर हुआ कि मुझे जन्नत से निकाल दिया जाये। मुझे जन्नत से निकाल दिया गया जबसे तड़प रही हूं। मेरा मर्द आदम अपनी पस्ली का घाव लिए ख़ाक-ब-सर फिर रहा है। नजात पाने के वसीले ढूंढ रहा है। नजात के वसीलों की तलाश में उसने कई नज़रिये तराशे और उन नज़रियों की रोशनी में पस्ली के घाव को पाटने के हज़ारहा जतन किए। जन्नत से निकाल दिए जाने का सदमा लिए खून के आंसू बहाने में आदम ने अपनी सरगुजिश्त दोहरानी शुरू कर दी कि शायरी वजूद में आ गई। चूंकि दुनिया की सतह पर जब उसके हाथ कुछ नहीं आया तो आदम

اپنے من کی کھوج میں اپنے اندر کا سفر کرنے لگا کیونکہ بیرونی زندگی کے معنی، مطلب اور رشتوں کی بے لذتی اس پر آشکار ہوگئی۔

○

تمہاری رضا کو لوگ
میری خطا کہتے ہیں
میرے ہاتھوں سے وہ پوشاک
چھین لی گئی تھی
جو میں پہننے والی تھی
اور پہنی ہوئی پوشاک
میں اُتار چکی تھی
میرے سارے آنے والے موسم
منسوخ کردیے گئے تھے
میں نے کوئی احتجاج نہیں کیا
اپنا سر تسلیم خم کیا تھا
مجھے اتنی ایذا دی گئی
کہ ارمانوں کا ریشم کا تنا
اب میری برداشت سے باہر ہے
اور پھر موسم منسوخ نہ ہوتے
پھول ریشم بٹورتے
میری عریانی ڈھک جاتی
تمہاری تابع داری میں
میں نے
اپنی مٹھی کبھی کھول کر نہیں دیکھی

अपने मन की खोज में अपने अंदर का सफ़र करने लगा क्योंकि बैरूनी ज़िंदगी के माना मतलब और रिश्तों की बेलज़्ज़ती उस पर आशकार हो गई।

○

तुम्हारी रज़ा को लोग
मेरी ख़ता कहते हैं
मेरे हाथों से वह पोशाक
छीन ली गई थी
जो मैं पहनने वाली थी
और पहनी हुई पोशाक
मैं उतार चुकी थी
मेरे सारे आने वाले मौसम
मनसूख़ कर दिए गए थे
मैंने कोई एहतिजाज नहीं किया
अपना सरे तस्लीम ख़म किया था
मुझे इतनी ईज़ा दी गई
कि अरमानों का रेशम कातना
अब मेरी बर्दाशत से बाहर है
और फिर मौसम मंसूख़ न होते
फूल रेशम बटोरते
मेरी उर्यानी ढक जाती
तुम्हारी ताबेदारी में
मैंने अपनी मुट्ठी खोल कर नहीं देखी

کون اپنے خواب کا
ایک ٹکڑا کاٹ کر
میری عریانی ڈھانپ دے گا
لاؤ میں اپنے ہاتھ کی
لکیریں مٹادوں

آدم کو پیدا کیا گیا ہے اور حوا کو آدم کی دائیں پسلی سے نکالا گیا۔ ڈارون اس بات کو مانے یا نہ مانے، مجھے اس سے کوئی غرض نہیں لیکن یہ کہنا ضروری سمجھتی ہوں کہ میری پیدائش آدم جیسی پیدائش نہیں ہے۔ نتیجے کے طور پر میرے دُکھ درد اور تکلیف کی شدت میرے رفیق حیات کے درد اور دکھ سے مختلف ہوگی۔ میرے دیکھنے کا انداز بھی مختلف ہوگا۔ میں کوئی نظریہ ساز نہیں ہوں اور نہ ہی نظریوں کی روشنی میں اپنے ہونے کا استدلال پیش کرتی ہوں۔ میں بذات خود ایک آواز ہوں اور یہ آواز جب زبان کی صورت اختیار کر کے صفحۂ قرطاس پر آجاتی ہے تو یہی میری آواز، پیکر بن کر شکلوں کی صورت میں نمودار ہوتی ہے۔ ان شکلوں کے معنی مطلب وہی ہوتے ہیں جو کہ صدیوں سے سماجی رشتوں نے ان کو دیے ہیں۔

O

میں گھر سے
کسی دوسرے کی نہیں
بلکہ اپنی تلاش میں نکلی تھی
اور تمہارا
ہر سبق تمہارے بارے میں تھا
تم نے
میری آنکھوں میں
چاندی کے سکوں کا کاجل لگایا
تاکہ میں دیکھ نہ سکوں آسمان کو چھوتے ہوئے

कौन अपने ख़्वाब का
एक टुकड़ा काट कर
मेरी उर्यानी ढांप देगा
लाओ मैं अपने हाथ की
लकीरें मिटा दूं

आदम को पैदा किया गया और हव्वा को आदम की दाहिनी पस्ली से निकाला गया। डारविन इस बात को माने या न माने, मुझे उससे कोई ग़र्ज़ नहीं, लेकिन यह कहना ज़रूरी समझती हूं कि मेरी पैदाइश आदम जैसी पैदाइश नहीं है। नतीजे के तौर पर मेरे दुख दर्द और तकलीफ़ की शिद्दत मेरे रफीक़-ए-हयात के दर्द और दुख से मुख़्तलिफ़ होगी। मेरे देखने का अंदाज़ भी मुख़्तलिफ़ होगा। मैं कोई नज़रिया साज़ नहीं हूं और न ही नज़रियों की रोशनी में अपने होने का इस्तदलाल पेश करती हूं। मैं बज़ात-ए-ख़ुद एक आवाज़ हूं और यह आवाज़ जब ज़बान की सूरत इख़्तियार करके सफ़्ह-ए-क़िरतास पर आ जाती है तो यही मेरी आवाज़ें पैकर बनकर शक्लों की सूरत में नमूदार होती है। इन शक्लों के माना-मतलब वही होते हैं जो कि सदियों से समाजी रिशतों ने उनको दिए हैं:

O

मैं घर से
किसी दूसरे की नहीं
बल्कि अपनी तलाश में निकली थी
और तुम्हारा
हर सबक़ तुम्हारे बारे में था
तुमने
मेरी आंखों में
चांदी के सिक्कों का काजल लगाया
ताकि मैं देख न सकूं आसमान को छूते हुए

من بانی—28

لامحدود راستوں کو
تم نے اپنے وجود کی
ساری کڑواہٹوں کو نچوڑ کر
میرا گلاس بھر دیا
اور اس کڑوے رس کو پی کے
میں
نہ صرف اُڑنے کی چاہت
بلکہ اب اپنی ذات بھی بھول گئی
لیکن اب
جو میری فیصلہ کرنے کی صلاحیت
مجھ سے چھین رہے ہو
یہ جو
جلتے پتوں کے دھوئیں سے
مجھے ڈھک رہے ہو
دیکھو
تمہارا کمرہ مجھ پر اختیار کی
مصنوعی روشنی میں چمک رہا ہے
اور میرے ذہن کی روشنی
بجھ رہی ہے

میرے پہلے شعری مجموعے کا نام ''اکیلی'' تھا۔ میں شاعری کے تناظر میں اکیلی اس لیے ہوں کہ میرا ساتھی کوئی بن نہیں پایا۔ میں دائیں پسلی سے نکلی ہوئی اس جہان فانی میں سرگرداں خاک بسر پھر رہی ہوں۔ میری شاعری میرے دکھ درد کو پیش کرتی ہے کہ میں اپنے وجود کو معنی دینے کی تلاش میں نظمیں کہہ رہی ہوں اور جس کی پسلی سے میں

लामहदूद रास्तों को
तुम ने अपने वजूद की
सारी कड़वाहटों को निचोड़ कर
मेरा गिलास भर दिया
और उस कड़वे रस को पी के
मैं
न सिर्फ़ उड़ने की चाहत
बल्कि अब अपनी ज़ात भी भूल गई
लेकिन अब
जो मेरी फ़ैसला करने की सलाहियत
मुझ से छीन रहे हो
यह जो
जलते पत्तों के धुंए से
मुझे ढक रहे हो
देखो
तुम्हारा कमरा मुझ पर इख़्तियार की
मसनूई रोश्नी में चमक रहा है
और मेरे ज़िहन की रोश्नी
बुझ रही है

मेरे पहले शेअरी मजमूअे का नाम "अकेली" था। मैं शायरी के तनाजुर में अकेली इस लिए हूं कि मेरा साथी कोई बन नहीं पाया। मैं दाहिनी पस्ली से निकली हुई इस जहान-ए-फ़ानी में सरगरदां ख़ाक बसर फिर रही हूं। मेरी शायरी मेरे दुख-दर्द पेश करती है कि मैं अपने वजूद को माना देने की तलाश में नज़्में कह रही हूं और जिसकी पस्ली से मैं

نکلی ہوں وہ اپنی شاعری کا بنیادی مرکز مجھے ہی بناتا ہے۔ وہ یہ بھول گیا ہے کہ وہ جنت سے بے دخل کیا گیا انسان ہے۔ اس نے جنت کی بے دخلی قبول کر کے شاعری شروع کر دی اور اپنے دُکھ درد کا رونا رویا۔

میرے رونے کی علامتیں پیڑ پودے ہیں۔ میں اپنے آپ کو پودوں سے کچھ مختلف نہیں سمجھتی ہوں۔ صرف فرق اتنا ہے کہ پیڑ پودے عمل سے عاری ہیں جب کہ میں عمل سے ہی جانی جاتی ہوں۔

○

اگر تمہارے ہزار پیڑوں میں سے
ایک میں بھی ہوتی تو
ایک سال میں
چھ اسپرے، ایک کھاد
اور تمہاری ہزاروں چاہت بھری نظریں
مجھے نصیب ہوتیں اور تب
دل سوگوار نہ ہوتا
میری ہر ٹہنی
تم اپنے ہاتھوں تراشتے
میں سنور جاتی
ہوا مجھ میں سانس بھرتی
دھوپ اور بادل
میرے دل کی سرخ سچائیوں میں جھلمل کرتے
اور نہ جانے کتنے سرخ پھولوں سے
میں فروزاں رہتی
میری ذات کی کیاری سے

निकली हूं, वह अपनी शायरी का बुनियादी मरकज़ मुझे ही बनाता है वह यह भूल गया है कि वह जन्नत से बेदख़ल किया गया इंसान है। उस ने जन्नत की बेदख़ली कुबूल करके शायरी शुरू कर दी और अपने दुख-दर्द का रोना रोया।

मेरे रोने की अलामतें पेड़-पौदे हैं। मैं अपने आप को पौदों से कुछ मुख़तलिफ़ नहीं समझती हूं। सिर्फ़ फ़र्क़ इतना है कि पेड़-पौदे अमल से आरी है जबकि मैं अमल से ही जानी जाती हूं।

O

अगर तुम्हारे हज़ार पेड़ों में से
एक मैं भी होती तो
एक साल में
छे स्परे एक खाद
और तुम्हारी हज़ारों चाहत भरीं नज़रें
मुझे नसीब होतीं और तब
दिल सौगवार न होता
मेरी हर टेहनी
तुम अपने हाथों तराश्ते
मैं संवर जाती
हवा मुझ में सांस भरती
धूप और बादल
मेरे दिल की सुर्ख़ सच्चाइयों में झिलमिल करते
और न जाने कितने सुर्ख़ फूलों से
मैं फ़रोज़ां रहती
मेरी ज़ात की क्यारी से

تمہاری ذات کے احاطے تک
تمازت اور خوشبو
شاداب پھول اور شاداب خار ہوتے
مگر میں
تمہارے احاطے سے باہر کا پیڑ تھی
خانہ بدوشوں کی بستی کا
وہ جنگلی پیڑ جس پر
آوارہ پرندے چہچہاتے ہیں
اور جس کی ہر ٹہنی
اپنے اندر
ایک خلاء سمیٹے
آسمان کی وسعتوں میں
بھٹک رہی ہے

میں اپنی تخلیقی قوت کے سہارے اپنی پہچان کو قائم رکھے ہوئے ہوں۔ میری نفسیات کی بنیاد ذوقِ جمال ہے اور خوبصورتی میرے اندرون کی وادیوں سے چھلکتی ہے۔ میں اساطیر میں رہتی ہوں۔ میرے بارے میں قسم قسم کی کہانیاں بنائی گئی ہیں۔ ان کہانیوں کو میں نے اپنی شاعری میں پیش کیا ہے۔ احساسات و جذبات کے ساتھ۔ میرے احساسات، جذبات جب زبان میں ڈھل گئے تو میری زبان کا ایک ڈھانچہ نمودار ہوا، اہل ادب اس لکھے ہوئے ڈھانچے کو شاعری کے نام سے پکارتے ہیں۔ شاعری کی بھی دو صورتیں مقرر ہوئی ہیں (الف) غزل (ب) نظم۔ غزل میں احساسات، جذبات کا تسلسل ممکن نہیں ہے۔ جب کہ نظم کی تنگ دامنی کا رونا کسی بھی صاحب فکر شاعر نے نہیں رویا ہے۔ وجودی صورت حال کی تپش کو تجرباتی سطح پر محسوس کرنے کی ادا نظم کہلاتی ہے۔ شاعری میرے خیال میں اُس چیز کو نہیں کہا جاسکتا ہے جو فقط گائی جائے بلکہ میرے نزدیک شاعری اُس المیے اور صدمے کی بازیافت کا نام ہے جو روزِ ازل میں ہوا ہے اور اس صدمے کی تمازت میری شاعری میں پہلو بدل رہی ہے۔

तुम्हारी ज़ात के इहाते तक
तमाज़त और खुश्बू
शादाब फूल और शादाब ख़्वार होते
मगर मैं
तुम्हारे इहाते से बाहर का पेड़ थी
ख़ाना बदोशों की बस्ती का
वो जंगली पेड़ जिस पर
आवारा परिंदे चेहचेहाते हैं
और जिस की हर टेहनी
अपने अंदर
एक खला समेटे
आसमान की वुस्अतों में
भटक रही है

मैं अपनी तख़लीक़ी कुव्वत के सहारे अपनी पहचान को क़ायम रखे हुए हूं। मेरी नफ़सियात की बुनियाद ज़ौक-ए-जमाल है और खूबसूरती मेरे अनदरून की वादियों से छलकती है। मैं असातीर में रहती हूं। मेरे बारे में क़िस्म क़िस्म की कहानियां बनाई गई हैं। इन कहानयिों को मैंने अपनी शायरी में पेश किया है। एहसासात-ओ-जज़्बात के साथ। मेरे एहसासात-ओ- जज़्बात जब ज़बान में ढल गए तो मेरी ज़बान का एक ढांचा नमूदार हुआ। अहले अदब इस लिखे हुए ढांचे को शायरी के नाम से पुकारते हैं। शायरी की भी दो सूरतें मुक़र्रर हुई है। (क) ग़ज़ल (ख) नज़्म। ग़ज़ल में एहसासात-ओ- जज़्बात का तसलसुल मुमकिन नहीं है। जबकि नज़्म की तंगदामनी का रोना किसी भी साहिब-ए-फ़िक्र शायर ने नहीं रोया है। वजूदी सूरत-ए- हाल की तपिश को तजुर्बाती सतह पर महसूस करने की अदा नज़्म कहलाती है। शायरी मेरे ख़्याल में उस चीज़ को नहीं कहा जा सकता है जो फ़क़त गाई जाये बल्कि मेरे नज़दीक शायरी उस अलमिये और सदमे की बाज़याफ़त का नाम है जो रोज़-ए-अज़ल में हुआ है और उस सदमे की तमाज़त मेरी शायरी में पहलू बदल रही है।

O

بستر
اک بے خوابی کا صحرا ہے
سناٹے پھانکتے پھانکتے
ٹوٹ کر بکھر جاتی ہوں

ہر رات
پلاسٹر آف پیرس کی
سفید تہہ خود پہ چڑھا لیتی ہوں
اور جب صبح ہوتی ہے تو

بستر پر
ایک لکیر پاتی ہوں
جس کا تسلسل
ہزار خانوں میں بٹ کر بھی
باقی رہتا ہے

میں کہہ رہی تھی کہ نسوانی آواز، مردانہ آواز اور لب و لہجے سے مختلف ہوگی لیکن الفاظ سے جڑا ہوا تصور اور اپنے ماحول سے تربیت شدہ اظہار دونوں صورتوں میں یکساں ہوگا۔ کیونکہ جغرافیائی صورت دونوں آوازوں کے لیے یکساں ہے۔ شاعری آفاقی ہوتی ہے اور زمان و مکان کی بندشوں سے ماورا، ابدی دکھ درد سے معمور ہے۔ یہ دکھ درد انسلا کی حدود کو چھوتا ہوا الفاظ کی محسوس کی ہوئی حیثیت کے ساتھ اظہار کی منزلیں طے کرتا ہوا Abstractions میں دم لیتا ہے جہاں کیفیتوں کی دنیا نمودار ہوتی ہے۔ کشمیر سے باہر شعراء کے ہاں لفظیات اگرچہ اُس لفظیات کے ہوبہو ہے جو کسی کشمیری ادیب کے یہاں ملتی ہیں لیکن لفظیات کی محسوساتی سطح پر Sensibility مختلف ہے۔ دھوپ، برف، چھاؤں، دریا، زرد، سرخ جیسے لفظوں کی حسیت Sensibility اُس حسیت سے مختلف ہے۔ کشمیر کے لوگ دھوپ کے لیے ترستے ہیں اور برف سے ہراساں ہوتے ہیں جب کہ دھوپ کشمیر سے باہر رہنے والوں کے لیے

○

बिस्तर
इक बेख़्वाबी का सहरा है
सन्नाटे फांकते-फांकते
टूट कर बिखर जाती हूं
हर रात
प्लास्टर आफ़ पेरिस की
सफ़ेद तह खुद पे चढ़ा लेती हूं
और जब सुबह होती है तो
बिस्तर पर
एक लकीर पाती हूं
जिस का तसलसुल
हज़ार खानों में बट कर भी
बाक़ी रहता है

मैं कह रही थी कि निसवानी आवाज़ मर्दाना आवाज़ और लब-व-लहजे से मुख़तलिफ़ होगी लेकिन अलफ़ाज़ से जुड़ा हुआ तसव्वुर और अपने माहौल से तरबियत शुदा इज़्हारर दोनों सूरतों में यकसान होगा क्योंकि जुग़राफ़ियाई सूरत दोनों आवाज़ों के लिए यकसान है। शायरी आफ़ाक़ी होती है और ज़मान और मकान की बंदिशें से मावरा अबदी दुख दर्द से मामूर है। यह दुख-दर्द इंसलाकी हुदूद को छूता हुआ अलफ़ाज़ की बंदिशों से मावरा अबदी दुख-दर्द से मामूर है। यह दुख-दर्द इंसलाती हुदूद को छूता हुआ अलफ़ाज़ की महसूस की हुई हैसियत के साथ इज़हार की मंज़िलें तय करता हुआ Abstractions में दम लेता है जहां कैफ़ियतों की दुनिया नमूदार होती है। कश्मीर से बाहर शोअरा के यहां लफ़ज़ियात अगरचि उस लफ़ज़ियात के हूबहू है जो किसी कश्मीरी अदीब के यहां मिलती है लेकिन लफ़ज़ियात की Sensibility महसूसयाती सतह पर मुख़तलिफ़ है। धूप, बर्फ़, छांव, दरिया, ज़र्द, सुर्ख जैसे लफ़्ज़ों की हिस्सियत Sensibility उस हिस्सियत से मुख़्तलिफ़ है। कश्मीर के लोग धूप के लिए तरस्ते हैं और बर्फ़ से हरासां होते हैं। जबकि धूप कश्मीर से बाहर रहने वालों के लिए

جہنم کے تصور کے مترادف ہے۔
میں نے دھوپ اور برف کا استعمال اپنی نظموں میں یوں کیا ہے:

O

ساری راتیں
بے خوابی میں گزر گئیں
سارے دن
بے چینی میں گزر گئے
بچا کچھ بھی نہیں
سوائے اُس ریت کے
جو میں نے اپنی
دونوں مٹھیوں میں بھر لی تھی
برف دھیمے دھیمے
پیڑوں اور چھتوں کو ڈھک رہی ہے
اور زمین پر یوں جم رہی ہے
جیسے غم میری روح میں
زمین اپنے محور کے گرد
چکر پورا کر کے
دن اور رات بنائے گی
میں نے اپنے محور کے گرد.
۳۰ چکر لگائے
نہ کہیں دن دیکھا نہ رات
دھوپ کی چادر میں
چھت پھر گرم ہوگی

जहन्नुम के तसव्वुर के मुतरादिफ़ है।

मैंने धूप और बर्फ़ का इस्तेमाल अपनी नज़्मों में यू किया है:

O

सारी रातें
बेख़्वाबी में गुज़र गईं
सारे दिन
बेचैनी में गुज़र गए
बचा कुछ भी नहीं
सिवाये उस रेत के
जो मैं ने अपनी
दोनों मुट्ठियों में भर ली थी
बर्फ़ धीमे धीमे
पेड़ों और छतों को ढक रही है
और ज़मीन पर यूं जम रही है
जैसे ग़म मेरी रूह में
ज़मीन अपने मिहवर के गिर्द
चक्कर पूरा करके
दिन और रात बनायेगी
मैंने अपने मिहवर के गिर्द
30 चक्कर लगाए
न कहीं दिन देखा न रात
धूप की चादर में
छत फिर गर्म होगी

Digitized By e Gangotri and Kashmir Treasure

پیڑ سرسبز ہو جائیں گے
رفاقتوں کی چادر
اُدھڑی ہوئی ہے
کوئی اپنا اِس کو سی دیتا
میں اپنی دونوں مٹھیوں میں
یوں ریت بھر کر نہ سوتی
کوئی اپنا ایسے نایاب ہے
جیسے نمک ۱۹۲۳ء میں تھا
کوئی اپنا
روح کے غم ایسے کاٹتا
جیسے نمک جمی ہوئی برف کاٹتا ہے

O

اپنی لاحاصلی کی
سیہ کاری میں
بھیگ جاتی ہوں تو
جان ٹھٹھرتی ہے
پھر کپکپاتا وجود
الانگ کر
نہ ہونے کا کفن اوڑھے
کشکول اٹھائے پھرتی ہوں
کہ ایک آدھ کٹوری
دھوپ مل جائے تو شاید
اس جنم کا سرما گزر جائے

पेड़ सर-सब्ज़ हो जायेंगे
रिफ़ाक़तों की चादर
उधड़ी हुई है
कोई अपना इस को सी देता
मैं अपनी दोनों मुट्ठियों में
यूं रेत भर कर न सोती
कोई अपना ऐसे नायाब है
जैसे नमक 1923 मैं था
कोई अपना
रूह के ग़म ऐसे काटता
जैसे नमक जमी हुई बर्फ़ काटता है

O

अपनी लाहासिली की
सियाह कारी में
भीग जाती हूं तो
जान ठिठुरती है
फिर कपकपाता वजूद
अलांग कर
न होने का कफ़न ओढ़े
कश्कोल उठाये फिरती हूं
कि एक आध कटोरी
धूप मिल जाय तो शायद
इस जन्म का सर्मा गुज़र जाये

اور بادل ہیں برسوں سے
گرجتے ہی جا رہے ہیں
یہ جو ایک ڈھیر ہے
ملبہ ہے سوختہ خواہشوں کا
آتما کی کپکپی ملبے میں دب جائے گی
تو نے اے نصیب اچھا نہ کیا
جو مجھے
ہر منزل کی دہلیز سے
لاحاصلی کی مالا پہنا کر
لوٹا دیا

میں اپنی آواز سے الگ کوئی وجود نہیں رکھتی ہوں۔ بقول ارسطو مادہ اور روپ دو الگ چیزیں نہیں ہیں بلکہ ہم وجودی ہیں۔ میرا وجود، میری آواز کے ہی ہم دوش ہے۔ میری آواز میرے وجود کی دلیل ہے۔

I Think therefore I am میں سوچتی ہوں اس لیے میں ہوں۔ میں اسی بات کو تھوڑی سی تصحیح کے ساتھ اس طرح کہوں گی:

"میں نظمیں کہتی ہوں اس لیے میں ہوں۔"

—ڈاکٹر شبنم عشائی

और बादल हैं बर्सों से
गरजते ही जा रहे हैं
यह जो एक ढेर है
मल्बा है सोख़्ता ख़्वाहिशों का
आतमा की कपकपी मलबे में दब जायेगी
तूने ए नसीब अच्छा न किया
जो मुझे
हर मंज़िल की दहलीज़ से
लाहासिली की माला पहना कर
लौटा दिया

मैं अपनी आवाज़ से अलग कोई वजूद नहीं रखती हूं। बक़ौल-ए-अरस्तू मादा और रूप दो अलग चीज़ें नहीं हैं बल्कि हमवजूदी हैं। मेरा वजूद मेरी आवाज़ के ही हमदोश है। मेरी आवाज़ मेरे वजूद की दलील है।

I Think therefore I am— मैं सोचती हूं इस लिए मैं हूं। मैं इसी बात को थोड़ी सी तसहीह के साथ इस तरह कहूंगी:

"मैं नज़्में कहती हूं इस लिए मैं हूं।"

—डा० शबनम अशाइ

میں سوچتی ہوں

Digitized By e Gangotri and Kashmir Treasure

मैं सोचती हूं

O

میں اکیلے
اندھیارے میں
اپنی منزل ڈھونڈ رہی ہوں
بہت سارے فریب
اور بہت سی سازشیں
میرے گرد ہالہ ڈال کر
میرا گلا گھونٹتے ہیں
میں مرتی نہیں
خوفزدہ ہو جاتی ہوں

O

मैं अकेले
अंध्यारे में
अपनी मंज़िल ढूंढ रही हूं
बहुत सारे फ़रेब
और बहुत सी साज़िशें
मेरे गिर्द हाला डाल कर
मेरा गला घोंटते हैं
में मरती नहीं
ख़ौफ़ज़दा हो जाती हूं

بنا سانس لیے
اور بنا خواب دیکھے ہوئے
میں چلتی رہتی ہوں
چلتے چلتے میری ایڑیاں پھٹ گئی ہیں!
سی سی فس کا فرض کب تک نبھاؤں گی؟
صرف اس ناگہاں سوال پر
رُک جاتی ہوں
آنکھوں کے جھرنوں سے
پانی بہاتی ہوں
اور اپنے بے کل من کو
لفظوں سے بہلاتی ہوں
بس پل بھر
میں بھی جی پاتی ہوں
پھر لوہے کی چربی سے
پھٹی ہوئی ایڑیاں لیپ دیتی ہوں
اور اندھیاروں میں چل پڑتی ہوں

बिना सांस लिए
और बिना ख़्वाब देखे हुए
मैं चलती रहती हूं
चलते-चलते मेरी एड़ियां फट गई हैं
सी सीफ़स का फ़र्ज़ कब तक निभाऊंगी?
सिर्फ़ इस नागाहां सवाल पर
रूक जाती हूं
आंखों के झरनों से
पानी बहाती हूं
और अपने बेकल मन को
लफ़्ज़ों से बहलाती हूं
बस पल भर
मैं भी जी पाती हूं
फिर लोहे की चर्बी से
फटी हुई एड़ियां लेप देती हूं
और अंधियारों में चल पड़ती हूं

O

کالی لمبی سڑک کے کنارے
پیڑوں کے بے اماں سائے
خاموشی پہنے ہوئے ہیں
سڑکوں پہ تارکول
دھوپوں میں پگھل بھی جاتا ہے
مگر مسافروں کو منزل تک
پہنچنے کے لیے
رستے چاہیے ہوتے ہیں
تنہائی
مجھے سیلن کی طرح لگ گئی
تم نے
اپنی منزل پانے کی خاطر
اس سے
میرا پہناوا بنایا تھا
تم پہنچ گئے ہو
اور میں
تمہارے تعلق کے لمحے
سنبھالے ہوئے
تنہائی کو لپیٹ کے
مسافروں کے سائے تک رہی ہوں

O

काली लम्बी सड़क के किनारे
पेड़ों के बेअमां साए
ख़ामोशी पहने हुए हैं
सड़कों पर तारकोल
धूपों में पिघल भी जाता है
मगर मुसाफ़िरों को मंज़िल तक
पहुंचने के लिए
रस्ते चाहिए होते हैं
तनहाई
मुझे सीलन की तरह लग गई
तुम ने
अपनी मंज़िल पाने की ख़ातिर
इस से
मेरा पहनावा बनाया था
तुम पहुंच गए हो
और मैं
तुम्हारे तअल्लुक़ के लम्हे
संभाले हुए
तनहाई को लपेट के
मुसाफ़िरों के साये तक रही हूं

○

کچھ بھی
کوئی بھی
اچھا نہیں لگتا مجھے
اور محض تمہیں
کچھ بھی اچھا نہ لگنے کا چھلاوا دے کر
میں یہ راز
اپنی سورج مکھی جیسی گردن میں ڈالے
جھول رہی ہوں
اپنی عاقبت نہیں سنوار رہی ہوں
خفا کیوں ہو رہے ہو
کچھ بھی اچھا نہ لگنے کا یہ چھلاوہ
موت نہیں معذوری ہے
کیا اپاہج بن کے جی لوگے؟
ذرا میری طرف دیکھو
تمہاری آنکھوں میں
اچھا لگنے کی بینائی بھی
میری مدد نہیں کر سکتی

o

कुछ भी
कोई भी
अच्छा नहीं लगता मुझे
और महज़ तुम्हें
कुछ भी अच्छा न लगने का छलावा देकर
मैं यह राज़
अपनी सुरजमुखी जैसी गर्दन में डाले
झूल रही हूं
अपनी आक़िबत नहीं संवार रही हूं
ख़फ़ा क्यों हो रहे हो
कुछ भी अच्छा न लगने का यह छलावा
मौत नहीं माजूरी है
एक अपाहिज बन के जी लोगे?
ज़रा मेरी तरफ़ देखो
तुम्हारी आंखों में
अच्छा लगने की बीनाई भी
मेरी मदद नहीं कर सकती

O

کچھ بھی
کوئی بھی
اچھا نہیں لگتا مجھے
اور محض تمہیں
کچھ بھی اچھا نہ لگنے کا چھلاوا دے کر
میں یہ راز
اپنی سورج مکھی جیسی گردن میں ڈالے
جھول رہی ہوں
اپنی عاقبت نہیں سنوار رہی ہوں
خفا کیوں ہو رہے ہو
کچھ بھی اچھا نہ لگنے کا یہ چھلاوہ
موت نہیں معذوری ہے
کیا اپاج بن کے جی لوگے؟
ذرا میری طرف دیکھو
تمہاری آنکھوں میں
اچھا لگنے کی بینائی بھی
میری مدد نہیں کر سکتی

O

कुछ भी
कोई भी
अच्छा नहीं लगता मुझे
और महज़ तुम्हें
कुछ भी अच्छा न लगने का छलावा देकर
मैं यह राज़
अपनी सुरजमुखी जैसी गर्दन में डाले
झूल रही हूं
अपनी आक़िबत नहीं संवार रही हूं
ख़फ़ा क्यों हो रहे हो
कुछ भी अच्छा न लगने का यह छलावा
मौत नहीं माजूरी है
एक अपाहिज बन के जी लोगे?
ज़रा मेरी तरफ़ देखो
तुम्हारी आंखों में
अच्छा लगने की बीनाई भी
मेरी मदद नहीं कर सकती

○

تمہارے دوغلے پن نے
میرے سپنوں کو
بانجھ کر ڈالا
میرے ہمراہ
یہ بانجھ سپنے
دربدر کی ٹھوکریں کھا رہے ہیں
کتنی محفلوں میں لیے پھری ہوں انہیں
میری آنکھیں
مجھے محفل میں بیٹھا کر
نئے سپنے ڈھونڈنے نکلتی ہیں
پھر رات
نیند کی گولی سے
انہیں سپنے دیکھنے کا فریب دیتی ہوں
سنو
اس سے پہلے کہ میری آنکھیں
کوئی سپنا چرا کے لائیں
یا میں
فریبی کہلاؤں
تم اپنا ایک مقرر کرلو

O

तुम्हारे दोग़लेपन ने
मेरे सपनों को
बांझ कर डाला
मेरे हमराह
यह बांझ सपने
दरबदर की ठोकरें खा रहे हैं
कितनी महफ़िलों में लिए फिरी हूं इन्हें
मेरी आंखें
मुझे महफ़िल में बिठा कर
नए सपने ढूंढने निकलती हैं
फिर रात
नींद की गोली से
उन्हें सपने देखने का फ़रेब देती हूं
सुनो
इससे पहले कि मेरी आंखें
कोई सपना चुरा के लायें
या मैं फ़रेबी कहलाऊं
तुम अपना एक मुकर्रर कर लो

○

جب بھی تم مجھے
صنم کہہ کے بلاتے
میں ٹوٹ سی جاتی
میرے باپ نے مجھے
جھوٹ سہنے والی
طاقت سے محروم رکھا ہے
پھر جو تم نے
میرے حسن سے سرشار ہونے کا
دعویٰ کیا
تمہارے جھوٹ کا زہر
مجھ میں آگ کی طرح پھیل گیا
میں جھلس کر راکھ ہوگئی
تم نے
اس راکھ سے
روٹیاں بیلیں
اور صنم پکار پکار کے
اپنے پالتوؤں کو
کھلانے لگ گئے
میں نے
اُسی پل نروان پایا

○

जब भी तुम मुझे
सनम कहके बुलाते
मैं टूट सी जाती
मेरे बाप ने मुझे
झूठ सहने वाली
ताक़त से महरूम रखा है
फिर जो तुमने
मेरे हुस्न से सरशार होने का
दावा किया
तुम्हारे झूठ का ज़हर
मुझ में आग की तरह फैल गया
मैं झुलस कर राख हो गई
तुमने
उस राख से
रोटियां बेलीं
और सनम पुकार पुकार के
अपने पालतुओं को
खिलाने में लग गए
मैंने उसी पल निर्वाण पाया

O

میرے کمرے کی خاموشی
میری رگوں جیسی ٹھنڈی ہے
تم
ہار نہ ماننے کا غرور لیے
میری رگوں میں برف جماتے رہے
دوسروں کو جینے دینے کے لیے
اپنا قتل لازمی ہے
جیت کی گرمی میں
تمہاری آرزوؤں کی رگیں
کسی خواب کے
نشے کی طرح پھیل گئی ہیں
اور میں بے روح
جاندار سی تمہیں دیکھ رہی ہوں
سنجیدہ کتا بھی
ہذیاتی خوشی کو حیرانی سے دیکھتا ہے

○

मेरे कमरे की ख़ामोशी
मेरी रगों जैसी ठंडी है
तुम
हार न मानने का गुरूर लिए
मेरी रगों में बर्फ़ जमाते रहे
दूसरों को जीने देने के लिए
अपना क़त्ल लाज़मी है
जीत की गर्मी में
तुम्हारी आरज़ुओं की रगें
किसी ख़्वाब के नशे की तरह
फैल गई हैं
और मैं बे रूह जानदार सी
तुम्हें देख रही हूं
संजीदा कुत्ता भी
हिज्यानी खुशी को हैरानी से देखता है

○

میں اب بھی
ان کتابوں کے ورق
پلٹتی رہتی ہوں
جو تم نے
وداع ہوتے ہوئے
زادِ سفر کے طور پر دی تھیں
اُس رات
ان کتابوں کا سرہانہ بنا کر
میں خواب کی دہلیز پر سوتی رہی
اور تم مجھے
ورق ورق پڑھتے رہے تھے
کوئی نئی بہار
نہ کوئی نئی آرزو کا افسانہ
وہ بہت سی چاندنی
جو تم مجھ میں بو گئے تھے
وہ بے اثر تو نہ تھی
ہاں
داؤد کے نغمے سے
مردہ جی نہیں اٹھتا

O

मैं अब भी
उन किताबों के वरक़
पलटती रहती हूं
जो तुमने विदा होते हुए
ज़ाद-ए-सफ़र के तौर पर दी थी
उस रात
उन किताबों का सिराहना बनाकर
मैं ख़्वाब की दहलीज़ पर सोती रही
और तुम मुझे
वरक़-वरक़ पढ़ते रहे थे
कोई नई बहार
न कोई नई आरजू का अफ़साना
वह बहुत सी चांदनी
जो तुम मुझ में बो गए थे
वह बेअसर तो न थी
हां
दाऊद के नग़मे से
मुर्दा जी नहीं उठता

O

تم تو فاصلوں کا خواب تھے
(جو تم نے کبھی طے ہونے نہیں دیے)
اور میں پھر بھی
تمہارا حرارت سے خالی ہاتھ تھامے
اپنے وجود کا لمس
لٹاتی ہوئی
فاصلہ کم کرنے کی
دیوانگی میں چلتی رہی

○

तुम तो फ़ासलों का ख़्वाब थे
(जो तुमने कभी तय हाने नहीं दिए)
और मैं फिर भी
तुम्हारा हरारत से ख़ाली हाथ थामे
अपने वजूद का लम्स
लुटाती हुई
फ़ासला कम करने की
दीवानगी में चलती रही

○

وہ برف کے تودے تھے
یا پتھریلی ڈھلانیں
میں پھسل کر گر پڑی تھی
میرا چہرہ ٹوٹ پھوٹ گیا تھا
میں خود پھسلی تھی؟
یا گرادی گئی تھی؟
بس اتنا یاد ہے
تم آسمان میں بیٹھے ہوئے
چاندنی کے گھونٹ پی رہے تھے
میں لفظوں کو زنجیر کر کے
حادثے کے ثبوت مٹا رہی تھی

o

वह बर्फ़ के तूदे थे
या पत्थरीली ढलानें
मैं फिसल कर गिर पड़ी थी
मेरा चेहरा टूट-फूट गया था
मैं खूद फिसली थी?
या गिरा दी गई थी?
बस इतना याद है
तुम आसमान में बैठे हुए
चांदनी के घूंट पी रहे थे
मैं लफ़्ज़ो को ज़ंजीर करके
हादसे के सुबूत मिटा रही थी

○

وہ لڑکی
جس کا سنہرا بدن
تنہائی کا زہر پیتے پیتے
نیلا پڑ گیا تھا
جو ساحل پر کھڑی
آتی جاتی لہریں گنتی
اور پھر
لہروں کے تماشے میں جو کنارے کٹتے
وہ قدم بہ قدم
پیچھے ہٹتی...
تمہیں
کھلے سمندر بیچ
ہنستا دیکھ کر
تیرنے لگی!
جانے کون سی بات ہوئی
اس کا بدن
پھر سے سنہری ہو گیا

o

वह लड़की
जिसका सुनहरा बदन
तनहाई का ज़हर पीते-पीते
नीला पड़ गया था
जो साहिल पर खड़ी
आती-जाती लहरें गिनती
और फिर
लहरों के तमाशें में जो किनारे कटते
वह क़दम-ब-क़दम
पीछे हटती
तुम्हें
खुले समुंद्र बीच
हंसता देखकर
तैरने लगी!
जाने कौन सी बात हुई
उसका बदन
फिर से सुनहरी हो गया

O

تمہارے آنگن سے
ہوتے ہوئے جو آئی کل کی شب
تمام رات
میرے بدن پر تارے چمکے
تمام رات
اس گلستان میں پھول مہکے ہیں
تمام رات
میرے پہلو میں تمہارے ہونے کا احساس جاگا ہے
دیکھو اب دن روشن ہے
تم آؤ تو شب کی طرح
مت گزر جانا
میں ابھی سے پھول چنتی ہوں
اور ہر اس راہ پر
پتھر رکھتی ہوں
جو تمہیں مجھ سے جدا کرتی ہے

O

तुम्हारे आंगन से
होते हुए जो आई कल की शब
तमाम रात
मेरे बदन पर तारे चमके
तमाम रात
इस गुलिस्तां में फूल महके हैं
तमाम रात
मेरे पहलू में तुम्हारे होने का अहसास जागा है
देखो अब दिन रोशन है
तुम आओ तो बस शब की तरह
मत गुज़र जाना
मैं अभी से फूल चुनती हूं
और हर उस राह पर
पत्थर रखती हूं
जो तुम्हें मुझसे जुदा करती है

○

رنگ کے بن
بات کے جھرنے
جاگتے رہنے کی وہ رتیں
سب
یک جا ہے آج کی شام...
سوچتی ہوں
انہیں
اپنے ہاتھوں کی انجلی میں بھر دوں
مگر ڈرتی ہوں
کہیں یہ سب
میری بیتاب انگلیوں سے
ٹپک نہ جائیں وسعت فضا میں...
لاؤ تم بھروسہ کا دھاگا لا دو
میں دھڑکے کی سوئی سے
ان کو پرودَں
اک رشتہ وفا میں...

O

रंग कि बिन
बात के झरने
जागते रहने की वह रूतें
सब
यकजा है आज की शाम.....
सोचती हूं
उन्हें
अपने हाथों की अंजली में भर दूं
मगर डरती हूं
कहीं यह सब
मेरी बेताब उंगलियों से
टपक न जायें वुस्अते फ़िज़ा में.....
लाओ तुम भरोसा का धागा ला दो
मैं धड़के की सूई से
उनको परोऊं
इक रिश्तये वफ़ा में

O

سار ی رات
تمہاری گفتگو
اور لہجے کی اوس میں بھیگت y رہی تھی
چاند کے پانیوں میں تیرتی رہی تھی
سورج کی کرنوں نے
چھینٹا مار کر جگایا
تو احساس ہوا
تم تو سورج جیسے ہو
اپنا سب کچھ لٹا کر
شام ہوتے ہی خالی ہاتھ
گھر پہنچ جاتے ہو
صبح ہونے تک
کس اندھے تہہ خانے میں
بند ہو جاتے ہو

○

सारी रात
तुम्हारी गुफ़्तगू
और लहजे की ओस में भीगती रही थी
चांद के पानियों पर तैरती रही थी
सूरज की किरणों ने
छींटा मार कर जगाया
तो अहसास हुआ
तुम तो सूरज जैसे हो
अपना सब कुछ लुटाकर
शाम होते ही ख़ाली हाथ
घर पहुंच जाते हो
सुबह होने तक
किस अंधे तहख़ाने में
बंद हो जाते हो

O

بہت دنوں سے
وہ میری توہین کے بہانے
ڈھونڈ رہا تھا
بے لحاظ، بے مروت
دوسروں کی ذلت
اس کے جینے کا جواز
ہر تعلق کے تسمے کھول کر
پھینک دینا
اس کا مزاج

O

बहुत दिनों से
वह मेरी तौहीन के बहाने
ढूंढ रहा था
बेलिहाज़, बेमुरव्वत
दूसरों की ज़िल्लत
उसके जीने का जवाज़
हर तअल्लुक़ के तसमे खोलकर
फेंक देना
उसका मिज़ाज

اس کی آواز کی یخ ہوا سے
جانے کون کون زخمی ہے
میری خاموشی
اس کی آواز کو جتنی بار چھوتی
اس کا جلاپا اور بڑھ جاتا
پھر نہ کسی سفر کی دھوپ
نہ تھکن مسافتوں کی کام آتی
میں سنور جاتی
ہوا مجھ میں سانس بھرتی
دھوپ اور بادل
میرے دل کی سرخ سچائیوں میں جھلمل کرتے
اور نہ جانے کتنے سرخ پھولوں سے
میں فروزاں رہتی
میری ذات کی کیاری سے
تمہاری ذات کے احاطے تک
تمازت اور خوشبو
شاداب پھول اور شاداب خار ہوتے
مگر میں
تمہارے احاطے سے باہر کا پیڑ تھی
خانہ بدوشوں کی بستی کا
وہ جنگلی پیڑ جس پر
آوارہ پرندے چہچہاتے ہیں
اور جس کی ہر ٹہنی
اپنے اندر
ایک خلاء سمیٹے
آسمان کی وسعتوں میں
بھٹک رہی ہے

मैं संवर जाती
हवा मुझ में सांस भरती
धूप औा बादल
मेरे दिल की सुर्ख़ सच्चाइयों में झिलमिल करते
और न जाने कितने सुर्ख़ फूलों से
मैं फ़रोज़ां रहती
मेरी ज़ात की क्यारी से
तुम्हारी ज़ात के इहाते तक
तमामज़त और खूश्बू
शदाब फूल और शदाब ख़्वार होते
मगर मैं
तम्हारे इहाते से बाहर का पेड़ थी
ख़ानाबदोशों की बस्ती का
वह जंगली पेड़ जिसपर
आवारा परिंदे चहचहाते हैं
और जिसकी हर टहनी
अपने अंदर
एक ख़ला समेटे
आस्मां की वुस्अतों में
भटक रही है

محمود ہاشمی
(نئی دہلی)

O

جب بھی تو اندھیرا تھا
اور میں
چلی جا رہی تھی
آج بھی اندھیرا ہے
اور میں
چلی جا رہی ہوں
ہاں
تب آنکھیں بند تھیں
آج آنکھیں کھلی ہیں

o

जब भी तो अंधेरा था
और मैं
चली जा रही थी
आज भी अंधेरा है
और मैं
चली जा रही हूं
हां
तब आंखें बंद थीं
आज आंखें खुली हैं

○

تنہا ہوں
اور
تنہائی تم سے مخاطب ہے...
تم اپنی سانسوں میں بسی خوشبو سے دور
اپنی تنہائی کی ایک شام
مجھے دے دو
سائے کی صورت دور بھٹکتی ہوئی اس زندگی کو
اپنے وجود کے کسی تاریک گوشے میں چھپا لو کہ
تم جن بے منظر راستوں سے گزرتے ہو
میں بھی انہی راستوں میں اُڑتی ہوئی دھول ہوں

O

तंहा हूं
और
तंहाई तुम से मुख़ातिब है
तुम अपनी सांसों में बसी खुश्बू से दूर
अपनी तंहाई की एक शाम
मुझे दे दो
साए की सूरत दूर भटकती हुई इस ज़िंदगी को
अपने वजूद के किसी तारीक गोशे में छूपा लो कि
तुम जिन बेमंज़र रास्तों से गुज़रे हो
मैं भी उन्हीं रास्तों में उड़ती हुई धूल हूं

O

ہو نہ ہو
سورج بھی
کالی سرکش ندی کی
تہہ میں بہہ گیا ہو
پھر
دن ہونے کا کیا امکان اور
رات ہے کہ
پوچھ رہی ہے کدھر جاؤ گے
شام کے آوارہ جھونکوں سے

o

हो न हो
सूरज भी
काली सरकश नदी की
तह में बह गया हो
फिर
दिन होने का क्या इमकान
और रात है कि
पूछ रही है किधर जाओगे
शाम के आवारा झोंकों से

بچھڑا ادا من
رات کو گلے لگا کے
سایہ کی مانند
سیہ رات میں
کھو گیا تھا
تم کیوں احتجاج کرتے ہو
پوچھ سکتی ہوں کیا؟
آنکھوں کی جستجو
چاہت
عبادت
خواب و خیال
تم
اپنی سیاہی میں
گوندھ چکے تھے
اُسی نظر کو
روشنی کے انتظار میں
سجا رہے ہو!
تم
سورج کا اشتہار
کیونکر بنے ہو
پوچھ سکتی ہوں کیا؟

बिछड़ा दामन
रात को गले लगा के
साये की मानिंद
सियाह रात में
खो गया था
तुम क्यों एहतिजाज करते हो
पूछ सकती हूं क्या?
आंखों की जुस्तजू
चाहत
इबादत
ख़्वाब-ओ-ख़्याल
तुम
अपनी सियाही में
गूंध चुके थे
उसी नज़र को
रोश्नी के इंतेज़ार में
सजा रहे हो
तुम
सूरज का इश्तेहार
क्योंकर बने हो
पूछ सकती हूं क्या?

○

جانتی ہوں
تمہارا گھر
آباد ہے
پھر بھی
کہیں کوئی ویران سا گوشہ ہو تو
میرے نام
لکھ دینا
جہاں میں
اجڑے راستوں کی
دھول بھری پوٹلی
کھول کر
کچھ دھاگے چن سکوں
اور
اُن دھاگوں سے
اپنے زخموں کے کھلے ہوئے ہونٹ
سینے کی مشق دہراتی رہوں

○

जानती हूं
तुम्हारा घर
आबाद है
फिर भी
कहीं कोई वीरान सा गोशा हो तो
मेरे नाम
लिख देना
जहां मैं
उजड़े रास्तों की
धूल भरी पोटली
खोल कर
कुछ धागे चुन सकूं
और
उन धागों से
अपने ज़ख़्मों से
अपने ज़ख़्मों के खुले हुए होंट
सीने की मश्क़ दुहराती रहूं

O

جب سے
تم نے
یہ نگر چھوڑا ہے
دھوپ روپوش ہے
...اسی کی حرارت میں
تپتی دھول
میں پہنتی
اسی کی مسافتوں کو
اوڑھتی تھی
اب میں
بالکل عریاں ہوں!
صحن میں پھیلے کپڑے ابھی تک
گیلے ہیں

O

जब से
तुम ने
यह नगर छोड़ा है
धूप रूपोश है
.....उसी की हरारत में
तपती धूल
मैं पहनती
उसी की मसाफ़तों को
ओढ़ती थी.....
अब मैं उरयां हूं!
सेहन में फैले कपड़े अभी तक
गीले हैं

O

کالے سمندر سے
جب بھی
وہ
کنارے پہ آتی
تم
اپنی دلدل سے

काले समुंद्र से
जब भी
वह
किनारे पे आती
तुम
अपनी दलदल से

ہر بار
اس کو
اسی سمندر میں لے جاتے
پھر کنارے سے
جتنی آوازیں
تم
دیتے رہے
اس کے بدن سے گزر کر
لہروں پر
نقش ہو گئیں
تم
آوازوں کی لہروں میں
ایک ڈولتی لہر
اور
وہ بھی
شاید
سمندر کی تاریکی کا
کوئی چھلاوا تھے

हर बार
उस को
उसी समुंद्र में ले जाते
फिर किनारे से
जितनी आवाज़ें
तुम
देते रहे
उसके बदन से गुज़र कर
लहरों पर
नक़्श हो गईं
तुम
आवाज़ों की लहरों में
एक डोलती लहर
और
वह भी
शायद
समुंद्र की तारीकी का
कोई छलावा थे

○

نہ جانے
کیا خریدنے
گھر سے چلی تھی
کہیں کچھ بھی ایسا بازار میں نہیں
جو دامن گیر ہوتا
اب
خالی ہاتھ
تماشائی بنی
ہر بازار سے
گزر جاؤں گی

O

न जाने
क्या ख़रीदने
घर से चली थी
कहीं कुछ भी ऐसा बाज़ार में नहीं
जो दामनगीर होता
अब
ख़ाली हाथ
तमाशाई बनी
हर बाज़ार से
गुज़र जाऊंगी

○

بستر
اک بے خوابی کا صحرا ہے
سناٹے پھانکتے پھانکتے
ٹوٹ کر
بکھر جاتی ہوں
ہر رات
پلاسٹر آف پیرس کی
سفید تہہ
خود پہ چڑھا لیتی ہوں
اور جب
صبح ہوتی ہے
تو
بستر پر
ایک لکیر پاتی ہوں
جس کا تسلسل
ہزار خانوں میں بٹ کر بھی
باقی رہتا ہے

○

बिस्तर
इक बेख़्वाबी का सहरा है
सन्नाटे फांकते-फांकते
टूट कर
बिखर जाती हूं
हर रात
प्लास्टर ऑफ पैरिस की
सफ़ेद तह
खुद पे चढ़ा लेती हूं
और जब
सुबह होती है
तो
बिस्तर पर
एक लकीर पाती हूं
जिसका तसलसुल
हज़ार ख़ानों में बट कर भी
बाक़ी रहता है

O

کبھی چاند کی صورت
میرے غم کے اندھیرے میں
اُتر کر دیکھو
قاتل کی طرح تم نہ سوچو
جینے کا پھر کوئی حوصلہ بخشو
اگر تم چاہو!
مرے وجود میں
اپنی شفاف خنک کرنوں سے
نور پھیلا دو
پھر کوئی سیہ شام
نہ آنے دو
اگر تم چاہو!

o

कभी चांद की सूरत
मेरे ग़म के अंधेरे में
उतर कर देखो
क़ातिल की तरह तुम न सोचो
जीने का फिर कोई हौसला बख़्शो
अगर तुम चाहो
मेरे वजूद में
अपनी शफ़ाफ़ खुनक किरणों से
नूर फैला दो
फिर कोई सियाह शाम
न आने दो
अगर तुम चाहो

O

آدھی رات
کوئی میری زمین پر اُترتا ہے
روشنیاں بکھیرتا ہے...
جھلستی دھوپ میں
سایہ بن کے
پھیل جاتا ہے!
دنیا کی بھیڑ میں
وہ کتنا نمایاں ہے

○

आधी रात
कोई मेरी ज़मीन पर उतरता है
रोशनियां बिखेरता है.....
झुलसती धूप में
साया बन के
फैल जाता है
दुनिया की भीड़ में
वह कितना नुमायां है

○

اس راستے سے بھی
بس
گزر جاؤں گی
میرے ساتھ
ہر ساحل تک
ہم سفر ہیں
کچھ زاویے
کئی بے سمت مسافتوں کے
میں
تم سے
تمہاری
تنہائی نہیں مانگتی

O

इस रास्ते से भी
बस
गुज़र जाऊंगी
मेरे साथ
हर साहिल तक
हम सफ़र हैं
कुछ ज़ाविए
कई बेसिम्त मसाफ़तों के
मैं तुम से
तुम्हारी
तंहाई नहीं मांगती

O

جسم کی اوڑھنی میں
ڈھکی
ایک بجھی سی روح
کسی یاد کی چادر سے
جھانکتی ہے
ڈھیر ساری ریت
آنکھوں سے گزر جاتی ہے
آسماں چھو لینے کی
بیکار کوشش میں
بادل کے
آنچل سے
لٹکی
وہ
دھوپ کے رستے پہ
شبنم مانگ رہی ہے

o

जिस्म की ओढ़नी में
ढकी
एक बुझी सी रूह
किसी याद की चादर से
झांकती है
ढेर सारी रेत
आंखों से गुज़र जाती है
आसमां छू लेने की
बेकार कोशिश में
बादल के
आंचल से
लटकी
वह
धूप के रस्ते पे
शब्नम मांग रही है

○

تم بولتے
تو میری تنہائی
مجھے
ڈسنے سے رہ جاتی
اور شاید
تمہیں بھی
تمہارا
اکیلا پن
کچھ دیر
نہیں ستاتا
ورنہ کس وجود کی آواز
زندگی کے کانوں تک جاتی ہے
زندگی کی نگری
پتھروں کی نگری
نہ دیواروں کے کان
نہ دستکوں کی آواز

○

तुम बोलते
तो मेरी तंहाई
मुझे
डसने से रह जाती
और शायद
तुम्हें भी
तुम्हारा
अकेलापन
कुछ देर
नहीं सताता
वरना किस वजूद की आवाज़
ज़िंदगी के कानों तक जाती है
ज़िंदगी की नगरी
पत्थरों की नगरी
न दीवारों के कान
न दस्तकों की आवाज़

O

ہرے پیڑوں کی بانہیں
رفتہ رفتہ
بے لباس ہو رہی تھیں
تند ہوائیں
زمین پہ پھیلے پتوں سے
لپٹ کر
خاموش ہو گئیں
اور
دھوپ کا ایک
عریاں ٹکڑا
اداسی میں لت پت
مری کھڑکی سے ٹپکا
تو
سنسان کمرے میں
اک تازہ
کونپل کھلی
یوں کچھ ہو جانا
کتنا مختصر ہوتا ہے
اور
ہو جانے کا بھلا دینا
کتنا طویل!

O

हरे पेड़ों की बांहें
रफ़ता-रफ़ता
बेलिबास हो रही थीं
तुंद हवायें
ज़मीन पे फैले पत्तों से
लिपट कर
ख़ामोश हो गईं
और
धूप का एक
उरियां टुकड़ा
उदासी में लत-पत
मेरी खिड़की से टपका
तो
सुंसान कमरे में
इक ताज़ा
कोंपल खिली
यूं कुछ हो जाना
कितना मुख़्तसर होता है
और
हो जाने का भुला देना
कितना तवील!

○

زبان پر
حرف دھندلے ہیں
آنکھوں میں
فاصلوں کی دھول چبھ رہی ہے
بارش اور آندھی کے
اس چیختے شور میں
مجھے کون
تیرے گاؤں
چند لمحوں کے لیے لے جائے گا؟

O

ज़बान पर
हर्फ़ धुंधले हैं
आंखों में
फ़ासलों की धूल चुभ रही है
बारिश और आंधी के
इस चीख़्ते शोर में
मुझ कौन
तेरे गांव
चंद लम्हों के लिए ले जायेगा?

o

تجھے
دیکھ کے
یوں لگتا ہے
جیسے
چاند اُترا ہو
مری زندگی کی سیہ راتوں میں
جس کی
شفاف خنک کرنوں سے
میرا وجود
روشن ہوا جاتا ہے
تو
میری روح کا
نغمہ
تیری ذات سے
آباد
میرا وجود

o

तुझे
देख के
यूं लगता है
जैसे
चांद उतरा हो
मेरी ज़िंदगी की सियाह रातों में
जिसकी
शफ़्फ़ाफ़ खुनक किरणों से
मेरा वजूद
रोशन हुआ जाता है
तू
मेरी रूह का
नग़मा
तेरी ज़ात से
आबाद
मेरा दजूद

Digitized By e Gangotri and Kashmir Treasure

○

تمہاری بے توجہی نے
میرے
ان چاہے وجود کو
جس انجان سڑک پہ پھینکا تھا
وہ اب
میری منزل ہے
یہ تم مجھے ساتھ لے کر
کس نئے سفر کی تیاری میں لگے ہو

o

तुम्हारी बेतवज्जही ने
मेरे
अनचाहे वजूद को
जिस अंजान सड़क पे फेंका था
वह अब
मेरी मंज़िल है
यह तुम मुझे साथ ले कर
क़िस नए सफ़र की तैयारी में लगे हो

○

ایک چھت کے نیچے
کئی کمروں والا
گھر
نہیں چاہیے تھا
یہ تم نے
کیا کہہ دیا
کشادہ حلقوں سے
خود کو
ڈھونڈ لائی تھی
میں
کھونا نہیں
جینا چاہتی تھی
تمہاری
بانہوں کے چھوٹے سے حصار میں

○

एक छत के नीचे
कई कमरों वाला
घर
नहीं चाहिए था
यह तुमने
क्या कह दिया
कुशादा हलक़ों से
खुद को
ढूंढ लाई थी
मैं
खोना नहीं
जीना चाहती थी
तुम्हारी
बांहों के छोटे से हिसार में

○

رات کا پچھلا پہر
خاموشی سے
سرکتا رہا
گرم برسات سے
تکیہ بھیگا کیا...
اور
کچھ منظر تھے
چراغ جلنے کے
جو آنسوؤں کو دامن دیتے رہے

O

रात का पिछला पहर
ख़ामोशी से
सरकता रहा
गर्म बरसात से
तकिया भीगा क्या.....
और
कुछ मंज़र थे
चिराग़ जलने के
जो आंसुओं को दामन देते रहे

○

رات ڈھلتی رہی
میں بجھے ستاروں کو تکتی رہی
نقرئی ندیاں
کوہساروں سے بہتی رہیں
اندھیروں میں گم ہوتی رہیں
کہکشاں
حسن عالم سجاتی رہی
اور معدوم ہو گئی
چاند نے
جھک کر سرد ماتھے کو چھو لیا
فضا اور تاریک ہوتی گئی
میں
گم صم بہت دیر تک لیٹی رہی
اور یاد
سوکھے پھولوں کی پتیوں سے
میرے وجود کو ڈھکتی رہی

o

रात ढलती रही
मैं बुझे सितारों को तकती रही
नक़रई नदियां
कोहसारों से बहती रहीं
अंधेरों में गुम होती रहीं
कहकशां
हुस्न-ए-आलम सजाती रही
और मअदूम हो गई
चांद ने
झुक कर सर्द माथे को छू लिया
फ़िज़ा और तारीक होती गई
मैं
गुम सुम बहुत देर तक लेटी रही
और याद
सूखे फूलों की पत्तियों से
मेरे वजूद को ढकती रही

○

چلتے چلتے
پاؤں چھلنی ہو گئے
بن منزل کے
سفر کتنا دشوار ہے
ہر راہ
دھوپ برساتی ہوئی
قاتل لگ رہی ہے
پر
چلتے رہنا
اَزل کا لکھا ہے
ذرا رک گئی
تو تھک جاؤں گی
دیکھو مجھے
آواز مت دینا

O

चलते चलते
पांव छलनी हो गए
बिन मंज़िल के
सफ़र कितना दुश्वार है
हर राह
धूप बरसाती हुई
क़ातिल लग रही है
पर
चलते रहना
अज़ल का लिखा है
ज़रा रूक गई
तो
थक जाऊंगी
देखो मुझे
आवाज़ मत देना

O

اسے نہ توڑو
تمہاری کڑواہٹوں کو
شبنم میں گوندھ کے
یہ گڑیا بنائی ہے
اس کی چمکتی ہوئی آنکھیں
تمہیں بٹن لگتی ہیں
میں
کہ جس نے آج تک
تمہارے من کو
کچھ بھی کرنے سے نہیں روکا
اس دن بھی نہیں
جب تم نے
مجھے گڑیا سمجھ کے
میرے بازو، ٹانگیں اور سر
پھینک دیے تھے الگ الگ کر کے
لیکن آج
اس گڑیا کو
میں تمہیں
توڑنے نہیں دوں گی!

O

इसे न तोड़ो
तुम्हारी कड़वाहटों को
शबनम में गुंध के
यह गुड़िया बनाई है
इसकी चमकती हुई आंखें
तुम्हें बटन लगती हैं
मैं
कि जिस ने आज तक
तुम्हारे मन को
कुछ भी करने से नहीं रोका
उस दिन भी नहीं
जब तुमने
मुझे गुड़िया समझ के
मेरे बाजू, टांगे और सर
फेंक दिये थे अलग-अलग करके
लेकिन आज
इस गुड़िया को
मैं तुम्हें
तोड़ने नहीं दूंगी!

O

بے سمت
سفر کے زاویے
لمحہ لمحہ
ہڑپ رہے ہیں مجھے
اک اَن دیکھی کھوج میں
بے چین
دلدل میں
پھنسی ہوں
محض
ایک کیڑے کی طرح
جب کہ
میرا مقصد
کیڑوں کی طرح جینا نہیں ہے

O

बे सिम्त
सफ़र के ज़ाविये
लम्हा-लम्हा
हड़प रहे हैं मुझे
इक अनदेखी खोज में
बेचैन
दलदल में
फंसी हूं
महज़
एक कीड़े की तरह
जबकि
मेरा मक़सद
कीड़ों की तरह जीना नहीं है

○

جب تم
بے راستہ جنگل میں
مجھے چھوڑ کے چلے گئے تھے
میں تمہارا نام
بہت دنوں تک
ہرے درختوں پہ کندہ کرتی رہی
پھر یوں ہوا
درختوں کے گرتے پتوں میں
تمہارے نام کا ہر حرف چھپ گیا
اور میں
گرتے پتوں کے اُس ڈھیر میں
تمہارا نام تلاش کرتی رہی تھی

O

जब तुम
बेरास्ता जंगल में
मुझे छोड़ के चले गए थे
मैं तुम्हारा नाम
बहुत दिनों तक
हरे दरख़्तों पे कंदा करती रही
फिर यूं हुआ
दरख़्तों के गिरते पत्तों में
तुम्हारे नाम का हर हर्फ़ छुप गया
और मैं
गिरते पत्तों के उस ढेर में
तुम्हारा नाम तलाश करती रही थी

O

سوکھے پودے
سینچنے کو
کہا تھا اس نے
پھر معجزہ یہ ہوا
کچھ پھول
کھل اٹھے
اور
فضا میں
خوشبو بکھرنے لگی
مرے ہی کمرے میں اُتری
تکیے سے خواب اڑا لے گئی
کہ
جب سے اب تک
میں
بے خوابی کی شکار
کسی نامراد کھوج میں رُکی
اداس لے میں
پکارتی ہوں اُسے

O

सूखे पौदे
सीखने को
कहा था उसने
फिर मूजज़ा यह हुआ
कुछ फूल
खिल उठे
और
फ़िज़ा में
खुश्बू बिखरने लगी
मेरे ही कमरे में उतरी
तकिये से ख़्वाब उड़ा ले गई
कि
जब से अब तक
मैं
बेख़्वाबी की शिकार
किसी नामुराद खोज में रूकी
उदास लय में
पुकारती हूं उसे

○

میں
ساحل پہ کھڑی
خاموش صدائیں
سنتی تھی
کہ کوئی موج
ریت کے فاصلے کاٹ کر
ایک پھول
کھلا گئی
مجھے
بشدت احساس نے
چھونے نہ دیا
پر
وہ پھول تھا
اس کا لمس
خوشبو کی طرح
پھیلتا چلا گیا

O

मैं
साहिल पे खड़ी
ख़ामोशी सदायें
सुनती थी
कि कोई मौज
रेत के फ़ासले काट कर
एक फूल खिला गई
मुझे
शिद्दत-ए- अहसास ने
छूने न दिया
पर
वह फूल था
उस का लम्स
ख़ुश्बू की तरह
फैलता चला गया

O

وہ پرتو نور
جس نے
خانہ دل کے چراغ
جلائے تھے
کھو گیا ایک دن
دیر تک
اس کی تصویر بنتی رہی
خرابے میں جشن ہوتا رہا

○

वह परतौ-ए-नूर
जिसने
ख़ाना-ए-दिल के चिराग़
जलाये थे
खो गया एक दिन
देर तक
उसकी तस्वीर बुनती रही
ख़राबे में जश्न होता रहा

اور پھر
سورج
کئی روز روٹھا رہا
وادیاں
ظلمتوں میں ڈوبی رہیں
کالی پرچھائیوں نے
راستے گھیر لیے
ہم اُس کو آواز دیتے رہے
اور یہ آواز
بے نام صحراؤں سے لوٹ کر
آ گئی
ہم منزلوں منزلوں
خاک اڑاتے رہے
اور پھر یوں ہوا
چہرے
اسی خاک میں اَٹ گئے
آنکھوں میں تیرگی چھا گئی
وہ اور ہم
ایک دوسرے سے
اجنبی ہو گئے

और फिर
सूरज
कई रोज़ रूठा रहा
वादियां
जुलमतों में डूबी रहीं
काली परछाइयों ने
रास्ते घेर लिए
हम उसको आवाज़ देते रहे
और यह आवाज़
बेनाम सहराओं से लौट कर
आ गई
हम मंज़िलों मंज़िलों
ख़ाक उड़ाते रहे
और फिर यूं हुआ
चेहरे
उसी ख़ाक में अट गए
आंखों में तीरगी छा गई
वह और हम
एक दूसरे से
अजनबी हो गए

○

وہ اکثر
میرے صحراؤں میں
دکھائی دیا کرتی
نہ جانے اُسے
کیوں
تعلق تھا مجھ سے
اپنی خوشبو سے وہ
اُداس لمحوں کو
شبنمی بنا دیتی
اور
مجھے لگتا
کہ
پھول، سبزہ، گھٹا
سب میرے لیے ہیں
رنگین فضا
مہکی ہوئی دھنک
خوابوں کا جزیرہ
میرا ہے
پر وہ صدا
ایک سایہ تھی
جو اُداس شام میں
ڈھل گئی

○

वह अक्सर
मेरा सहराओं में
दुहाई दिया करती
न जाने उसे
क्यों
तअल्लुक था मुझसे
अपनी खूश्बू से वह
उदास लम्हों को
शबनमी बना देती
और
मुझे लगता
कि
फूल, सब्ज़ा, घटा
सब मेरे लिए हैं
रंगीन फ़िज़ा
महकी हुई धनक
ख़्वाबों का जज़ीरा
मेरा है
पर वह सदा
एक साया थी
जो उदास शाम में
ढल गई

O

شہر پُر ہول
شکستہ حال تمناؤں کا عذاب
مقفل دروازے
لہو کی دستک
شہر دل کے پتھر پر
کھدا حرف انا
سوائے لپٹنے کے
اپنے سائے سے
کیا کرتے؟

○

शहर पुरहौल
शिकस्ता हाल तमन्नाओं का अज़ाब
मुक़फ़्फ़ल दरवाज़े
लहू की दस्तक
शहर-ए- दिल के पत्थर पर
खुदा हर्फ़-ए- अना
सिवाए लिपटने के
अपने साये से
क्या करते?

O

آزمائش بجا سہی
پیمانۂ صبر کے
چھلکنے کا
احتمال ہی ہوتا
تو شاید
یوں
بے اعتدال نہ ہوتے

o

आज़माइश बजा सही
पैमाने सब्र के
छलकने का
एहतिमाल ही होता
तो शायद
यूं
बेएतिदाल न होते

O

ہوا گنگنائی تھی
فضا مسکرائی تھی
ہیرے موتیوں سے حسین
اُن
لمحوں کے سر پر
وقت کا خنجر پڑا
اور خون ٹپکا
جو منجمد ہے
آج بھی
اس کمرے کی دہلیز پر

o

हवा गुनगुनाई थी
फ़िज़ा मुस्कुराई थी
हीरे मोतियों से हसीन
उन
लम्हों के सर पर
वक़्त का ख़ंजर पड़ा
और ख़ून टपका
जो मुंजमिद है
आज भी
उस कमरे की दहलीज़ पर

○

جس کے ہر قطرے سے
رَگ رَگ مچلتی تھی
وہ بساطِ شعر و نغمہ
کائناتِ نور
کھو گئی ایک دن
باقی
خرابے رہے
وادیاں
تیرہ و تار ہو گئیں
میں اُسے
آواز دیتی رہی
صدائے بازگشت
بے نام صحراؤں سے لوٹ کر
میرے لرزاں وجود سے
ٹکراتی رہی

O

जिस के हर क़तरे से
रग-रग मचलती थी
वह बिसात-ए- शेर-ओ- नग़मा
कायनात-ए-नूर
खो गई एक दिन
बाक़ी
खराबे रहे
वादियां
तीरह-ओ-तार हो गइ।
मैं उसे
आवाज़ देती रही
सदा-ए-बाज़गश्त
बेनाम सहराओं से लौट कर
मेरे लरज़ां वजूद से
टकराती रही

O

سب لفظ
میری آنکھوں کے سامنے سے
نہیں گزرے ہیں
میں
تم کو
کیسے پہچانوں؟
اور جو
گزرے ہیں تو
آنکھیں دھندلا گئیں!
پھر لفظ
خود بھی تو
منتشر ہوتے ہیں
الفاظ
کیسے جوڑے جائیں؟

o

सब लफ़्ज़
मेरी आंखों के सामने से
नहीं गुज़रे हैं
मैं
तुमको
कैसे पहचानूं?
और जो गुज़रे हैं तो
आंखें धुंधला गईं!
फिर लफ़्ज़
खुद भी तो
मुनतशिर होते हैं
अल्फ़ाज़
कैसे जोड़े जायें

O

یہ تم نے کیا کیا
جو اس کو مار ڈالا
درد و افکار
چمن کے اپنے دامن میں
سنبھالنے والا
وہ شخص
کتنا سچا تھا
تمہارا حسن

○

यह तुमने क्या किया
जो उसको मार डाला
दर्द-ओ-अफ़्कार
चुन के अपने दामन में
संभालने वाला
वह शख़्स
कितना सच्चा था
तुम्हारा हुस्न

اسی سچے نور کی ایک لو تھی
تمہاری چمک
اُسی کے ماتھے کا سورج تھی
تمہاری مہک
اُسی کے وجود کی خوشبو تھی
یہ تم نے کیا کیا
جو اُس کو مار ڈالا
جھلستی دھوپ اور
پتھر کی بارش سے
تخلیق کیا گیا
وہ شخص
پت جھڑ بھی
اپنے دامن میں بھر لیتا ہے
کتنا سچا تھا
اُسی کی روشنی سے
ریت کے ذرّے
منور ہوا کرتے تھے
اُسی کی بشارت سے
دُکھ جھوٹے
ہو جایا کرتے تھے
یہ تم نے کیا کیا
جو اُس کو مار ڈالا

उसी सच्चे नूर की एक लौ थी
तुम्हारी चमक
उसी के माथे का सूरज थी
तुम्हारी महक
उसी के वजूद की खुश्बू थी
यह तुमने क्या किया
जो उसको मार डाला
झुलसती धूप और
पत्थर की बारिश से
तक़्लीफ़ किया गया
वह शख़्स
पतझड़ भी
अपने दामन में भर लेता है
कितना सच्चा था
उसी की रोशनी से
रेत के ज़र्रे
मुनव्वर हुआ करते थे
उसी की बशारत से
दुख झूठे हो जाया करते थे
यह तुमने क्या किया
जो उसको मार डाला

○

اُجڑے راستوں کی
دھول سے
کھٹکتی آنکھیں
قربت کے
پلوں کی
دل پہ دستک
خاموشی میں
لت پت کمرہ
دوری کے لمحوں میں
لتھڑی یہ رات
گمان
تیری خوشبو کا
اور
میں

O

उजड़े रास्तों की
धूल से
खटकती आंखें
कुरबत के
पलों की
दिल पे दस्तक
ख़ामोशी में
लत-पत कमरा
दूरी के लम्हों में
लिथड़ी यह रात
गुमां
तेरी खुश्बू का
और
मैं

O

عکس

دل میں کیسا ہے
کس کا ہے انتظار
برسوں گزرے
اس سائے میں
رقصندہ ہوں
رنگ چہرے کا
چراغ آنکھوں کے
دھندلے پڑ گئے
کوئی خدا
نہ ہمسایۂ خدا
ہر لمحہ
اک بارِ گراں
دور تک
سنسان راستہ
گرد آلود!

O

अक्स

दिल में कैसा है
किसका है इंतेज़ार
बरसों गुज़रे
उस साये में
रक़संदा हूं
रंग चेहरे का
चिराग़ आंखों के
धुंधलें पड़ गए
कोई ख़ुदा
न हमसाया-ए-ख़ुदा
हर लम्हा
इक बार-ए-गिरां
दूर तक
सुंसान रास्ता
गर्द आलूद!

○

آ
میری تنہائی
شام
ساتھ ہی بتائیں گے
ایک دوسرے کی
آغوش میں
سب کچھ
بھول جائیں گے
کون اُترے گا
ترے بغیر
دل کے اندھے
غاروں تک

o

आ
मेरी तंहाई
शाम
साथ ही बितायेंगे
एक दूसरे की
आग़ोश में
सब कुछ
भूल जायेंगे
कौन उतरेगा
तेरे बग़ैर
दिल के अंधे
ग़ारों तक

○

یہاں سے وہاں تک
سب نے
جلتے سورج کو دیکھا ہے
کس نے
اس کے
سوز کو پہچانا
آ میری تنہائی
پھر رات ڈھلے گی
سورج چڑھے گا
اُجالا ہوگا
تیری میری سرگوشی
رسوا ہوکر
رہ جائے گی

o

यहां से वहां तक
सब ने
जलते सूरज को देखा है
किस ने
उस के
सोज़ को पहचाना
आ मेरी तंहाई
फिर रात ढलेगी
सूरज चढ़ेगा
उजाला होगा
तेरी मेरी सरगोशी
रूस्वा होकर
रह जायेगी

O

ایک دن
ڈھیر سارے زخموں کو
وہ
دفنانے چلی
صحرا صحرا گھومی
رات ہوئی
اک سوکھے پیڑ کے
دامن میں
آسودہ نیند سوگئی
سوکھا پیڑ
مغرور ہوگیا
چھاؤں کے گمان میں
بانہیں پھیلانے لگا
تو وہ جاگ گئی
مغرور نہ ہو
اِس آسودگی میں
تھکن ہے جنم جنم کی
پھیلی بانہیں
ٹوٹ گئیں
اور
وہ
قید ہوگئی

O

एक दिन
ढेर सारे ज़ख़्मों को
वह
दफ़नाने चली
सहरा-सहरा घूमी
रात हुई
इक सूखे पेड़ के
दामन में
आसूदा नींद सो गई
सूखा पेड़
मग़रूर हो गया
छांव के गुमान में
बाहें फैलाने लगा
तो वह जाग गई
मग़रूर न हो
इस आसूदगी में
थकन है जन्म जन्म की
फैली बाहें
टूट गईं
और
वह
क़ैद हो गई

○

جب تم نے
اپنی رفاقت سے
اُس کی افشاں
بھری تھی
ایک
نئے پن کی خوشبو سے
فضا معطر ہوئی تھی
اور وہ
تمہاری روشنی میں
نہائی تھی
پھر
تم اور وہ
دھند کی مہین لہر جیسے
ایک دوجے کے
رگ و پے میں
سرایت کرنے لگے
آج
وہ جذبہ
ایک تلاش
اس کے آغاز کی
اس کے انجام کی

O

जब तुमने
अपनी रिफ़ाक़त से
उसकी अफ़शां
भरी थी
एक
नये पन की खूश्बू से
फ़िज़ा मुअत्तर हुई थी
और वह
तुम्हारी रोश्नी में
नहाई थी
फिर
तुम और वह
धुंध की महीन लहर जैसे
एक दूजे के
रग-व-पै मैं
सरायत करने लगे
आज
वह जज़्बा
एक तलाश
उसके आग़ाज़ की
उसके अंजाम की

O

کیسا سپنا تھا
اس کے
ہاتھوں میں
بیتے لمحوں کا آئینہ تھا
میں
جیسے
ہر اُس لمحے کو چھو رہی تھی
کہ کچھ
چہرے جگمگائے
جن کی مسکراہٹ میں
میرا
ہر سکھ
جڑاؤ موتیوں جیسا تھا

O

कैसा सपना था
उसके
हाथों में
बीते लम्हों का आईना था
मैं
जैसे
हर उस लम्हे को छू रही थी
कि कुछ
चेहरे जगमगाए
जिन की मुस्कुराहट में
मेरा
हर सुख
जुड़वा मोतियों जैसा था

O

میں سمجھی تھی
دونوں کا
انجام ایک ہے
بارش کی بوندیں ہوں
یا
آنسوؤں کے قطرے
ساتھ برستے
بنجر سلگتے
ریگستانوں کی پیاس
بجھتی نہیں
ہر سمت
پر پھیلانے کا عادی
بادل کا وہ
منچلا ٹکڑا

o

मैं समझी थी
दोनों का
अंजाम एक है
बारिश की बूंदें हूं
या
आंसुओं के क़तरे
साथ बरस्ते
बंजर सुलगते
रेगिस्तानों की प्यास
बुझती नहीं
हर सिम्त
पर फैलाने का आदी
बादल का वह
मंचला टुकड़ा

O

یادوں کے کالے ساگر میں
ایک ٹوٹی کشتی
ڈگمگا رہی تھی
کہ ہم نے
کچھ دیے روشن کیے
بکھرے خوابوں سے
ٹوٹے آئینے جوڑ دیے
اور پھر
اپنے چہرے میں
کتنے چہروں کو
دیکھا
کسی چہرے کو
پہچان نہ سکے

o

यादों के काले सागर में
एक टूटी कश्ती
डगमगाता रही थी
कि हमने
कुछ दिये रोशन किए
बिखरे ख़्वाबों से
टूटे आईने जोड़े
और फिर
अपने चेहरे में
कितने चेहरों को
देखा
किसी चेहरे को
पहचान न सके

O

وہ جو
تیز دھوپ کے
کھردرے راستوں پر
بے رنگ ہوگئی تھی
ایک وقت کی
ست رنگی
اوڑھنی تھی
بے رنگ کو دنیا
کسی بھی رنگ میں
رنگ دیتی ہے
ایک دن
وہ بھی
رنگریز کے ہاتھوں
رنگ گئی
اور...
اوڑھنی پھٹ گئی

O

वह जो
तेज़ धूप के
खुरदुरे रास्तों पर
बे रंग हो गई थी
एक वक़्त की
सत रंगी
ओढ़नी थी
बेरंग को दुनिया
किसी भी रंग में
रंग देती है
एक दिन
वह भी
रंगरेज़ के हाथों
रंग गई
और.....
ओढ़नी फट गई

O

ایک سایہ
خدوخال سے میرا تھا
مجھ ہی سے
حساب مانگتا تھا
کچھ زخموں کا
اور کچھ
دائرے تھے

O

एक साया
ख़द-ओ-ख़ाल से मेरा था
मुझ से ही
हिसाब मांगता था
कुछ ज़ख़्मों का
और कुछ
दायरे थे

جو
جھانکتے تھے
میرے آنچل سے
ہر شام
وہ سایہ
ان دائروں میں اُبھرتا
اور وہ دائرے
اس سائے میں
پھر کوئی
گھونگھرو باندھے
دائروں کے
اُس سائے میں
سائے کے اُن دائروں میں
رقصندہ رہتا
اور
رات
گزر جاتی

जो
झांकते थे
मेरे आंचल से
हर शाम
वह साया
उन दायरों में उभरता
और वह दायरे
उस साये में
फिर कोई
घुंघरू बांधे
दायरों के
उस साये में
साये के उन दायरों में
रक़्सिंदा रहता
और
रात
गुज़र जाती

O

اُجڑے راستوں کی
دھول بھری
اوڑھنی میں
لاکھوں
دھوپ کے ٹکڑے آتے
اور
جھلملاتے
وہ شانت کھڑی
حیران تھی کہ
بادل کا کوئی منچلا ٹکڑا
برس پڑا
اجڑے راستوں کی ساری دھول
دھل گئی
اور
اوڑھنی
تارتار ہوگئی

o

उजड़े रास्तों की
धूल भरी
ओढ़नी में
लाखों
धूप के टुकड़े आते
और झिलमिलाते
वह शांत खड़ी
हैरान थी कि
बादलों का कोई मनचला टुकड़ा
बरसा पड़ा
उजड़े रास्तों की सारी धूल
धुल गई
और
ओढ़नी
तार-तार हो गई

O

جب سے
ڈھیر سارے دن گزر گئے
میری موت
شروع ہوئی تھی
پہلی قسط میں تھا
معصوم اعتبار
جس کی موت نے
رنگ چہرے کا
چراغ آنکھوں کے
دھندلا دیے
دوسری قسط میں تھا
اعتقاد
جس کی موت نے
ساٹھ سال کا بنا ڈالا
اور اب میں
موت کی تیسری قسط کے انتظار میں بیٹھی
دھول بھری زندگی گزار رہی ہوں

○

जब से
ढेर सारे दिन गुज़र गए
मेरी मौत
शुरू हई थी
पहली क़िस्त में था
मासूम एतिबार
जिसकी मौत ने
रंग चेहरे का
चिराग़ आंखों के
धुंधला दिए
दूसरी क़िस्त में था
एतिक़ाद
जिसकी मौत ने
साठ साल का बना डाला
और अब मैं
मौत की तीसरी क़िस्त के इंतेज़ार में बैठी
धूल भरी ज़िंदगी गुज़ार रही हूं

O

کہیں میں
اَندھی تو نہیں

وہ سب
کہاں ہیں
قافلہ
منزل
پھر چلتے چلتے
ایک مدت بھی تو ہوئی

اب
سورج بھی
ڈوبنے کو ہوگا
کہیں کوئی پیڑ بھی نہیں
جس کی چھاؤں میں
مطمئن بیٹھ جاتی

فقط
ایک سنسان راستہ
اور
میں
یا اللہ کچھ نہیں تو
ایک
دراڑ ملے
جہاں میں چھپ جاؤں
اور بس

○

कहीं मैं
अंधी तो नहीं
वह सब
कहां हैं
काफ़िला
मंज़िल
फिर चलते-चलते
एक मुद्दत भी तो हुई
अब
सूरज भी
डूबने को होगा
कहीं कोई पेड़ भी नहीं
जिसकी छांव में
मुतमइन बैठ जाती
फ़क्त
एक सुंसान रास्ता
और
मैं
या अल्लाह कुछ नहीं तो
एक दराड़ मिले
जहां मैं छुप जाऊं
और बस

O

نہ جانے
وقت کا کون سا جھونکا تھا
ورق
پلٹتے گئے
لمحے بکھرے رہے
لمحوں کا بکھراؤ کتنا مشکل ہے!
ہر بکھرتے لمحے سے
اُس ایک لمحے کی روشنی
کتنی وابستہ تھی
جو
پلٹتے اَوراق کی سطحوں پہ
ٹھہرا ہوا تھا
اور بے حد
روشن تھا

○

न जाने
वक़्त का कौन सा झोंका था
वरक़
पलटते गए
लम्हे बिखरते रहे
लम्हों का बिखराव कितना मुश्किल है!
हर बिखरे लम्हे से
उस एक लम्हे की रोशनी
कितनी वाबिस्ता थी
जो
पलटते अवराक़ की सतहों पे
ठहरा हुआ था
और बेहद
रोशन था

O

خواب کی بلندی جیسا
سروقد پیڑ
گر جائے گا
آندھی
تھم تو گئی
بدلتے موسم سے
اکھڑی جڑیں
نمو کہاں سے لائیں گی؟
اُجڑے بسیروں کی
کوئی
نشانی نہیں
حد نگاہ تک
کھوکھلا پن
ہوا کے قدموں میں سرخم!

O

ख़्वाब की बुलंदी जैसा
सरो-क़द पेड़
गिर जायेगा
आंधी
थम तो गई
बदलते मौसम से
उखड़ी जड़ें
नमू कहां से लायेंगी?
उजड़े बसेरों की
कोई
निशानी नहीं
हद-ए-निगाह तक
खोखलापन
हवा के क़दमों में सर ख़म!

○

زخم آلود پیر
بن منزل کے
سفر میں
ہر پل گردش میں رواں
گردش
رک سکی ہے بھلا؟
کارواں کے ماتھے پہ
منزل کا پرچم
پرچم کے رنگوں سے
الجھتی کوئی لاش
کیسے بھر سکتی ہے
پیپ بہتے زخموں کی
رنگوں سے ابھرتا دھواں
بے بسی کا دھواں
گونج اٹھتا ہے
گم شدہ عقیدوں کی
تلاش میں

O

ज़ख़्म आलूद पैर
बिन मंज़िल के
सफ़र में
हर पल गर्दिश में रवां
गर्दिश
रूक सकी है भला?
कारवां के माथे पे
मंज़िल का परचम
परचम के रंगों से
उलझती कोई लाश
कैसे भर सकती है
पीप बहते ज़ख़्मों की
रंगों से उभरता धुंआं
बेबसी का धुआं
गूंज उठता है
गुमशुदा अक़ीदों की
तलाश में

○

المناک اُداس فضا میں
ایک روشنی کی کرن
ٹھنڈے لہو کو
ابال دیتی ہے
بے رنگ سا سناٹا
بھیانک سائے
اور سایوں سے ابھرتی شعاعیں!
ٹھٹھرتے لباس میں
منہ چھپاتی آواز
انگڑائیاں لے رہی ہے
افق تا افق
بادلوں کا ہجوم
بکھر سا رہا ہے
کہ سایوں سے
اُبھرتی شعاعیں
اپنا احاطہ بڑھاتی جا رہی ہیں
اور ایک دن
میرے وجود کی
ساری سرحدیں
پار کر جائیں گی

○

अलमनाक उदास फ़िज़ा में
एक रोशनी की किरण
ठंडे लहू को
उबाल देती है
बेरंग सा सन्नाटा
भयानक साये
और सायों से उभरती शुआएं!
ठिठुरते लिबास में
मुंह छुपाती आवाज़
अंगड़ाइयां ले रही है
उफ़क ता उफ़क
बादलों का हुजूम
बिखर सा रहा है
कि सायों से
उभरती शुआएं
अपना इहाता बढ़ाती जा रही हैं
और एक दिन
मेरे वजूद की
सारी सरहदें
पार कर जायेंगी

○

تاریک خلا کا وہ سیارہ
آن گرا
کسی ویرانے میں
شکستہ در و بام
ہولناک تنہائی
ان شکستہ سے در و بام میں
سورج بہت دیر سے
خوابیدہ ہے
ذہن کا ہر نقش
اَن گنت لمحوں کی
مسافت لیے
فضا کے آئینوں میں
ہر بجھے عکس کا
منتظر
کہ شاید
ان شکستہ سے در و بام میں
خوابیدہ سورج
کچھ دیر کے لیے جاگ جائے

○

तारीक ख़ला का वह सय्यार
आन गिरा
किसी वीराने में
शिकस्ता दर-ओ-बाम
होलनाक तंहाई
इन शिकस्ता से दर-ओ-बाम में
सूरज बुहत देर से
ख़्वाबीदा है
ज़ेहन का हर नक़्श
अंगिनत लम्हों की
मसाफ़त लिए
फ़िज़ा के आईनों में
हर बुझे अक्स का
मुंतज़िर
कि शायद
इन शिकस्ता से दर-ओ-बाम में
ख़्वाबीदा सूरज
कुछ देर के लिए जाग जाये

O

فضا خزاں آلود ہو رہی تھی
اور میں خاموش کھڑی
ہوا کے ہر جھونکے سے
زخم کھاتی
شام کے
آوارہ جھونکوں کی منتظر تھی...
پرندوں کی اُڑان سے

O

फ़िज़ा ख़िज़ां-आलूद हो रही थी
और मैं ख़ामोश खड़ी
हवा के हर झोंके से
ज़ख़्म खाती
शाम के
आवारा झोंकों की मंतज़िर थी....
परिंदों की उड़ान से

آسمان خالی ہونے کا منظر
آنکھوں میں سما رہا تھا
کہ
آنکھیں مدعا سے خالی
شہر آشفتگاں کے
سایوں میں کھو گئیں
اور میں خاموش کھڑی
لمحوں کے شور میں
گم کہ
فلک سے زمین پر
رات کی سیاہی
اُتر آئی
انگ انگ سیاہی میں
کھو چکا تھا
کہ دفعۃً کوئی گونج
بے طرح شور مچاتی
سیاہی میں
شبنم کھوجنے لگی
اور میں خزاں آلود فضا میں کھڑی
شبنم کے آنسو
رو رہی تھی

आसमान ख़ाली होने का मंज़र
आंखों में समा रहा था
कि
आंखें मुद्दआ से ख़ाली
शहर-ए-आशुफ़तगां के
सायों में खो गईं
और मैं ख़ामोश खड़ी
लम्हों के शोर में
गुम कि
फ़लक से ज़मीं पर
रात की सियाही
उतर आई
अंग अंग सियाही में
खो चुका था
कि दफ़अतन कोई गूंज
बेतरह शोर मचाती
सियाही में
शबनम खोजने लगी
और मैं ख़िज़ां आलूद फ़िज़ा में खड़ी
शबनम के आंसू
रो रही थी

O

کن سوچوں میں ڈوبے ہو
ہاں
میں اُسی پانی کی بوند ہوں
جو تمہارے کمرے کے کونے میں پڑی
صراحی میں رہتا تھا، آخر کار
تمہارا سمندر
نہ جانے کتنے دریاؤں کا
پیاسا تھا اور

O

किन सोचों में डूबे हो
हां
मैं उसी पानी की बूंद हूं
जो तुम्हारे कमरे के कोने में पड़ी
सुराही में रहता था
आख़िरकार
तुम्हारा समुंद्र
न जाने कितने दरियाओं का
प्यासा था और

جگ جگ پھرتا تھا
میں
ہر شام
صراحی کی حدیں پار کرتی
تمہارے ہونٹ
طراوت کے ذائقے لیتے
جگ جگ پھرنے کی
تھکن مٹ جاتی
پر ہر جگ سے لایا گیا گیان
تمہیں سوئم بھگوان بنا گیا!
پھر تمہارے
پتھریلے ہاتھ اٹھے
کونے میں پڑی صراحی
توڑ بیٹھے اور
چوٹ
پانی کو لگی
بوند بوند درد سے تڑپ اٹھی
سر پٹکنے لگی
تم اپنی سوکھی آتما کو لے چلو یہاں سے
کن سوچوں میں ڈوبے ہو
میں اُسی پانی کی بوند ہوں

जुग जुग फिरता था
मैं
हर शाम
सुराही की हदें
पार करती
तुम्हारे होंठ
तरावत के ज़ायके लेते
जुग जुग फिरने की
थकन मिट जाती
पर हर जुग से लाया गया ज्ञान
तुम्हें स्वयं भगवान बना गया!
फिर तुम्हारे पथरीले हाथ उठे
कोने में पड़ी सुराही तोड़ बैठे
और चोट
पानी को लगी
बूंद-बूंद दर्द से तड़प उठीं
सर पटकने लगी
तुम अपनी सूखी आत्मा को ले चलो यहां से
किन सोचों में डूबे हो
मैं उसी पानी की बूंद हूं

Digitized By e Gangotri and Kashmir Treasure

○

اکثر سوچتی ہوں
وہ
'میں' کے وجود کی کھوکھلاہٹ تھی
جس میں
'تو' کی آواز گونجتی تھی
میں اور تو
گم گشتہ ذات
پر

o

अक्सर सोचती हूं
वह
"मैं" के वजूद की खोखलाहट थी
जिस में "तू" की आवाज़ गूंजती थी
मैं और तू
गुम-गश्ता ज़ात
पर

بات میں اور تو کی کہاں
میری اور تیری ہے
میں
جو میری کچھ نہیں لگتی
اکثر سوچتی ہوں
شاید
تمہارا تو بھی
تمہارا نہ تھا
نہ جانے کتنے سجدوں کی تابانی
چوکھٹ چوکھٹ
بانٹ چکا تھا
اور خاموشی کی چادر
ڈھکے
مجھ کو
تک رہا تھا
میں اکثر سوچتی ہوں
تو وہ نہ تھا
جسے میں نے سوچا تھا
تو نے یا پھر شاید تقدیر نے
تجھے سرتاپا ڈھک رکھا تھا

बात "मैं" और "तू" की कहां
मेरी और तेरी है
मैं
जो मेरी कुछ नहीं लगती
अक्सर सोचती हूं
शायद तुम्हारा "तू" भी
तुम्हारा न था
न जाने कितने सजदों की ताबानी
चौखट-चौखट
बांट चुका था
और ख़ामोशी की चादर
ढके
मुझ को
तक रहा था
मैं अक्सर सोचती हूं
"तू" वह न था
जिसे मैंने सोचा था
तू ने या फिर शायद तक़दीर ने
तुझे सर-ता-पा ढक रखा था

○

اُس دن
جو تم نے
اچانک
مجھے پکارا
نہ جانے کتنے لمحے
حیران ہو کے رہ گئے!
دن ڈھل چکا تھا
سورج ڈوبنے کو تھا
نہیں ڈوبا!
کاش ایسا
میری سوچ کے
گھبرا جانے سے پہلے ہوتا
تو شاید
جھاگ کے کپڑے
پہن کر
یوں
سمندر میں
غوطے نہ کھاتے

o

उस दिन
जो तुम ने
अचानक
मुझे पुकारा
न जाने कितने लम्हे
हैरान होके रह गए!
दिन ढल चुका था
सूरज डूबने को था
नहीं डूबा!
काश ऐसा
मेरी सोच के
घबरा जाने से पहले होता
तो शायद
झाग के कपड़े
पहनकर
यूं
समुंद्र में
ग़ोते न खाते

○

کس کو پکار رہے ہو
تم کو خبر بھی ہے
مٹی سمجھ کر
جو شبنم
تم
بکھرا کے چلے تھے
پتھر ہو گئی ہے!
... عمر کے کتنے سورج
طلوع ہوتے رہے

o

किसको पुकार रहे हो
तुमको ख़बर भी है
मिट्टी समझ कर
जो शबनम
तुम
बिखरा के चले थे
पत्थर हो गई है!
.....उमर के कितने सूर
तुलू होते रहे

کس کو پکار رہے ہو
تم کو خبر بھی ہے
مٹی سمجھ کر
جو شبنم
تم
بکھرا کے چلے تھے
پتھر ہو گئی ہے!
... عمر کے کتنے سورج
طلوع ہوتے رہے

|

○

किसको पुकार रहे हो
तुमको ख़बर भी है
मिट्टी समझ कर
जो शबनम
तुम
बिखरा के चले थे
पत्थर हो गई है!
.....उमर के कितने सूर
तुलू होते रहे

نہ جانے وہ
کس سورج کا
بدن پوجنے کے خیال میں
ہر سورج پر ہنستا رہا
اُسی بنجر ساحل پر
بکھرا پڑا رہا
اور پھر
نہ جانے کتنے لمحے
تمہاری
پکار کی راہوں میں
پتھر ہو گئے
پتھروں کی نگری
پتھروں کے پجاری
پتھروں کے شہر
کوئی پکار
نہیں پلٹتی!
پتھروں کی سرحدوں میں
تمہاری پکار
لاوارث ہے

337—من بانی

न जाने वह
किस सूरज का बदन
पूजने के ख़्याल में
हर सूरज पर हंसता रहा
उसी बंजर साहिल पर
बिखरा पड़ा रहा
और फिर
न जाने कितने लम्हे
तुम्हारी
पुकार की राहों में
पत्थर हो गए
पत्थरों की नगरी
पत्थरों के पुजारी
पत्थरों के शहर
कोई पुकार
नहीं पलती!
पत्थरों की सरहदों में
तुम्हारी पुकार
लावारिस है

O

کوئی گیان نہیں مجھے
میں جی کیوں رہی ہوں
میں جی رہی ہوں؟
کتنے دنوں سے میں یہی سوچتی ہوں
میں
کتنی بار قتل ہو چکی
پھر کس اُمید کی چھاؤں میں
زندگی
بے فکری سے گزرے گی
زندگی بار بار

O

कोई ज्ञान नहीं मुझे
मैं जी क्यों रही हूं
मैं जी रही हूं?
कितने दिनों से मैं यही सोचती हूं
मैं
कितनी बार क़त्ल हो चुकी
फिर किस उम्मीद की छांव में
ज़िंदगी
बेफ़िकरी से गुज़रेगी
ज़िंदगी बार-बार

جنم لیتی ہے کیا
ہاں میرا ''میں''
کتنے جنم لے چکا تھا!
وہ جب پہلی بار قتل ہوا تھا
تو ایک بنجر ساحل پر
کئی روز پڑا رہا
پھر ایک دن کیا دیکھا
سورج پر کوئی ہنس رہا ہے
یہ میرا ''میں'' تھا
روپ بدل چکا تھا
پتھر ہو گیا تھا
سوچا پتھر بن کر
اب جیون کٹ سکتا ہے
پر پتھر کا رنگ کچھ سلونا سا نکھرا
کسی کی نظروں سے بچ نہ سکا
پھر قتل ہو گیا!
سورج ڈوبنے کو تھا
وقت گزرتا گیا
اور میرا 'میں'
ٹھنٹھ بن گیا
ٹھنٹھ جس میں نہ جانے
کتنے سپنوں کا بسیرا تھا
لیکن ہر سپنا سوکھا تھا
سوچا برسات ہو گی

जन्म लेती है क्या?
हां मेरा "मैं" कितने जन्म ले चुका था!
वह जब पहली बार क़त्ल हुआ था
तो एक बंजर साहिल पर
कई रोज़ पड़ा रहा
फिर एक दिन क्या देखा
सूरज पर कोई हंस रहा है
यह मेरा "मैं" था
रूप बदल चुका था
पत्थर हो गया था
सोचा पत्थर बन कर
अब जीवन कट सकता है
पर पत्थर का रंग कुछ सलोना सा निखरा
किसी की नज़रों से बच न सका
फिर क़त्ल हो गया!
सूरज डूबने को था
वक़्त गुज़रता गया
और मेरा "मैं"
ठुंठ बन गया
ठुंठ जिसमें न जाने
कितने सपनों का बसेरा था
लेकिन हर सपना सूखा था
सोचा बरसात होगी

تو کوئی کونپل ضرور پھوٹے گی
پر برسات سے پہلے بجلی گری
اور وہ جل گیا
میرے دوسرے ''میں'' کے قتل پر
ایک اور تخلیق پا گیا
میرا تیسرا ''میں''
کالی صدیوں کا
ایک گونگا ہے
جو صدیوں کی سرگوشی سننے
روز سمندر میں چھلانگ لگاتا ہے
سفید جھاگ میں ملبوس
میرے پہلو میں آکر بیٹھ جاتا ہے
اور پوچھتا ہے کہ تم کون ہو
میں پھر سوچتی ہوں
میں تو جب ہی کی قتل ہو چکی ہوں
میں کون ہوں
کیونکہ ہر قتل نے
ایک نئی تخلیق کو جنم دیا
تو کیا میرا ''میں''
ہر قتل کے بعد
تخلیق پایا ہے
ہر قتل ایک تخلیق ہے
تو کیا ہر قتل یہ نہیں بتاتا
کہ میں جی کیوں رہی ہوں؟

तो कोई कोंपल ज़रूर फूटेगी
पर बरसात से पहले बिजली गिरी
और वह जल गया
मेरे दूसरे "मैं" के क़त्ल पर
एक और तख़्लीक़ पा गया
मेरा तीसरा "मैं"
काली सदियों का
एक गूंगा है
जो सदियों की सरगोशी सुनने
रोज समुंद्र में छलांग लगाता है
सफ़ेद झाग में मलबूस
मेरे पहलू में आ कर बैठ जाता है
और पूछता है कि तुम कौन हो
मैं फिर सोचती हूं
मैं तो जब ही की क़त्ल हो चुकी हूं
मैं कौन हूं
क्योंकि हर क़त्ल ने
एक नई तख़्लीक़ को जन्म दिया
तो क्या मेरा "मैं"
हर क़त्ल के बाद
तख़्लीक़ पाया है
हर क़त्ल एक तख़्लीक है
तो क्या हर क़त्ल यह नहीं बताता
कि मैं जो क्यों रही हूं?

O

ڈھیر ساری
ریت کے نیچے دبی
ایک روح
دیر گئے
ریت ہٹانے کی کوشش میں
اپنے ناخن توڑ بیٹھی
یوں تو

कुछ तोड़ना भी अच्छा लगता है
जो टूटने से बच सकता है
क़त्ल हो जाता है
वैसे
क़त्ल होना ही जीने की सच है
और
उस लम्हे का सच यही है
कि सदियों बाद एसा वाक़िया हुआ था
कि रेत के ज़र्रे
उसकी आंखों में चुभ जाने से रह गए
देखा तो
सामने भीड़ थी
शोर-ओ-गुल था
और एक खोखली आवाज़
जो
दूर कहीं जा के
ज़िंदगी का संतूर
छेड़ रही थी
मुझे लगा था
उस आवाज़ पे तुम्हारी आवाज़ का साया था

کچھ توڑنا بھی اچھا لگتا ہے
جو ٹوٹنے سے بچ سکتا ہے
قتل ہو جاتا ہے
ویسے
قتل ہونا ہی جینے کا سچ ہے
اور
اس لمحے کا سچ یہی ہے
کہ صدیوں بعد ایسا واقعہ ہوا تھا
کہ ریت کے ذرّے
اُس کی آنکھوں میں چبھ جانے سے رہ گئے
دیکھا تو
سامنے بھیڑ تھی
شور وغل تھا
اور ایک کھوکھلی آواز
جو
دور کہیں جا کے
زندگی کا سنتور
چھیڑ رہی تھی
مجھے لگا تھا
اُس آواز پہ تمہاری آواز کا سایہ تھا

कुछ तोड़ना भी अच्छा लगता है
जो टूटने से बच सकता है
क़त्ल हो जाता है
वैसे
क़त्ल होना ही जीने की सच है
और
उस लम्हे का सच यही है
कि सदियों बाद एसा वाक़िया हुआ था
कि रेत के ज़र्रे
उसकी आंखों में चुभ जाने से रह गए
देखा तो
सामने भीड़ थी
शोर-ओ-गुल था
और एक खोखली आवाज़
जो
दूर कहीं जा के
ज़िंदगी का संतूर
छेड़ रही थी
मुझे लगा था
उस आवाज़ पे तुम्हारी आवाज़ का साया था

○

اے شہر نگاراں
چاند کی نگری
تیری دھرتی میں
لگتے ہیں
سانس کے میلے
بستی ہیں
دلوں کی دھڑکنیں
جلتی ہیں
امیدوں کی شمعیں
آبادیوں کے منظر

o

ऐ शहर-ए-निगारां
चांद की नगरी
तेरी धरती में
लगते हैं
सांस के मेल
बसती हैं
दिलों की धड़कनें
जलती हैं
उम्मीदों की शमअें
आबादियों के मंज़र

جاگتے ہیں
تیری نگری میری دھرتی میں
ٹوٹ کر کتنے مہتاب
کھو گئے ہیں
ہر شمع کی نظر
دھندلی ہے
میری نگری
سلگتی ریت
تپتی دھوپ کا صحرا
تپتے صحرا میں در کیا
دروازہ کیا
فاصلے کاٹ کر آتی ہیں
دستکوں کی صدائیں
لایقینی کے ہاتھوں
جب ہم اِس شہر ناپرساں سے
گزر جائیں گے تب
تم یا پھر میں
اپنے گم شدہ عقیدوں کی تلاش میں
ایک دوسرے کی ذات کے
شہروں میں پہنچ جائیں گے

जागते हैं
तेरी नगरी मेरी धरती में
टूट कर कितने माहताब
खो गए हैं
हर शमा की नज़र
धुंधली है
मेरी नगरी
सुलगती रेत
तपती धूप का सहरा
तपते सहरा में दर क्या
दरवाज़ा क्या
फास्ले काट कर आती हैं
दस्तकों की सदायें
लायक़ीनी के हाथों
जब हम इस शहर-ए-नापुरसान से
गुज़र जायेंगे तब
तुम या फिर मैं
अपने गुमशुदा अक़ीदों की तलाश में
एक दूसरे की ज़ात के
शहरों में पहुंच जायेंगे

○

تمہیں
یہ رنج ہے کہ
مہکتی جھومتی رُت میں
میری آنکھیں
ناچ کیوں نہیں اٹھتیں
تمہیں
یہ رنج ہے کہ
فضا میں تیرتی خنکی
میری خواہشات کو
گدگداتی کیوں نہیں
موسم کی عنایت کا
مجھے احساس ہے لیکن
یہ بھی کیا بات ہوئی
جس سے تم وابستہ ہو
اس سے واقف نہیں
تمہارے ہوتے ہی میں
غموں کے ہاتھوں نیلام ہوئی تھی
اور ناامیدی کے لشکروں نے
اپنی پونجی جوڑ کے
مجھے تم سے خرید لیا تھا

O

तुम्हें
यह रंज है कि
महकती झूमती रूत में
मेरी आंखें
नाच क्यों नहीं उठतीं
तुम्हें
यह रंज है कि
फ़िज़ा में तैरती खुनकी
मेरी ख़्वाहिशात को
गुदगुदाती क्यों नहीं
मौसम की इनायत का
मुझे अहसास है लेकिन
यह भी क्या बात हुई
जिस से तुम वाबिस्ता हो
उस से वाक़िफ़ नहीं
तुम्हारे होते ही मैं
ग़मों के हाथों नीलाम हुई थी
और नाउमीदी के लश्करों ने
अपनी पूंजी जोड़ के
मुझे तुम से ख़रीद लिया था

○

دعا کرنا

میرے دوست

ہم اپنے جنوں کا

خود ہی نوحہ نہ لکھیں

دعا کرنا

میرے دوست

ایک دیوار

جواب بھی فصیل فتح ہے

کوئی سیلاب بلا نہ بہا لے جائے

دعا کرنا

میرے دوست

o

दुआ करना
मेरे दोस्त
हम अपने जूनूं का
खुद ही नौहा न लिखें
दुआ करना
मेरे दोस्त
एक दीवार
जो अब भी फ़सीलें फ़तह है
कोई सैलाब-ए- बला न बहा ले जाए
दुआ करना
मेरे दोस्त

O

یہ وہی بستی ہے جہاں
ہر فرد کے خیالوں کا
بادباں کھلا ہے
اور جو
تم
دیوار کی قید سے
جھانکو بھی
تو انگلی
تم پر اٹھے گی!

O

यह वही बस्ती हैं जहां
हर फ़र्द के ख़्यालों का
बादबां खुला है
और जो
तुम
दीवार की क़ैद से
झांको भी
तो उंगली
तुम पर उठेगी!

یہ وہی بستی ہے
جہاں لوگ
دستارِ فضیلت باندھے ہوئے ہیں
تمہیں اپنی ہی تنہائی جلنا ہوگا
تمہیں یہاں
کوئی بھی
تم سا نہیں ملے گا
اس بستی کی
فضا ہی کچھ ایسی ہے
کہ وجود کا انگ انگ
بکھرا دیتی ہے
اور اُس پر
جو تم
خود اپنے آپ کو
ڈھونڈنے چلو گے
تو
تم پر
یہ تہمت ہوگی
کہ
بہت خود نما ہو

यह वही बस्ती है
जहां लोग
दस्तार-ए-फ़ज़ीलत बांधें हुए हैं
तुम्हें अपनी ही तंहाई में जलना होगा
तुम्हें यहां
कोई भी
तुम सा नहीं मिलेगा
इस बस्ती की फ़िज़ा ही कुछ ऐसी है
कि वजूद का अंग-अंग
बिखरा देती है
और उस पर
जो तुम
खुद अपने आप को
ढूंढने चलो गे
तो
तुम पर
यह तोहमत होगी
कि
बहुत खुदनुमां हो

O

میں
اور تنہائی
سو رہے تھے
تمہارا خط آیا
ایک بھاری پاؤں
تنہائی کے سینے پر پڑا
چیخ پڑی
اور لپٹ گئی مجھ سے
اس کی بانہوں کی
قید میں

○

मैं
और तंहाई
सो रहे थे
तुम्हारा ख़त आया
एक भारी पांव
तंहाई के सीने पर पड़ा
चीख़ पड़ी
और लिपट गई मुझ से
उसकी बाहों की
क़ैद में

تمہارا خط پڑھا...
پھر پڑھا
بار بار پڑھا
دل دھڑکا...
وہ دیکھتی تو
ڈر جاتی
من میں شور سا اٹھا...
وہ سنتی تو
مر جاتی
میں نے
اس کا چہرہ تکیے سے چھپا لیا
اس کی آنکھ کھلی، خفا ہوئی
اور چلی گئی
... صبح ہوئی
تو
بستر پر موجود تھی
میرے بغیر
کدھر جائے گی
کس کے یہاں جائے گی
تنہائی!

तुम्हारा ख़त पढ़ा......
फिर पढ़ा
बार-बार पढ़ा
दिल धड़का.....
वह देखती तो
डर जाती
मन में शोर सा उठा.....
वह सुनती तो
मर जाती
मैंने
उसका चेहरा तकिये से छुपा लिया
उसकी आंख खुली, ख़फ़ा हुई
और चली गई
..... सुबह हुई
तो बिस्तर पर मौजूद थी
मेरे बग़ैर
किधर जायेगी
किसके यहां जायेगी
तंहाई!

○

یوں تو
سب کی
اپنی اپنی قبر ہوتی ہے
جیسے اپنی اپنی دنیا
اور کون
کسی کی قبر میں دفن ہوتا ہے
لیکن

O

यूं तो
सब की
अपनी-अपनी क़ब्र होती है
जैसे अपनी-अपनी दुनिया
और कौन
किसी की क़ब्र में दफ़न होता है
लेकिन

وہ جو دوسروں کی دنیا کے
خدا ہوتے ہیں
ایک بدن کو
نہ جانے کتنی قبروں میں
بانٹ دیتے ہیں
اور جب کبھی وہ
اُن قبروں کے عذاب سے
جاگتے ہیں
زندگی کی
آزاد سانسوں میں
زندہ خوابوں کو ہمکتا دیکھ کر
اپنے اندر دھڑکنا
چھوڑ دیتے ہیں
اور پھر آہستہ سے
اُنہی قبروں کی تہہ میں
آکر بیٹھ جاتے ہیں
مگر
پھر بھی
دیکھتے رہتے ہیں
کہ ہر پرندہ
اپنی بولی
بولتا ہے

वह जो दूसरों की दुनिया के
ख़ुदा होते हैं
एक बदन को
न जाने कितनी क़ब्रों में
बांट देते हैं
और जब कभी वह
उन क़ब्रों के अज़ाब से
जागते हैं
ज़िंदगी की
आज़ाद सांसों में
ज़िंदा ख़्वाबों को हमकता देख कर
अपने अंदर धड़कना
छोड़ देते हैं
और फिर आहिस्ता से
उन्हीं क़ब्रों की तह में
आकर बैठ जाते हैं
मगर
फिर भी
देखते रहते हैं
कि हर परिंदा
अपनी बोली
बोलता है

○

اپنی لاحاصلی کی
سیہ کاری میں
بھیگ جاتی ہوں تو
جان ٹھٹھرتی ہے
پھر کپکپاتا وجود
الاپ کر
نہ ہونے کا کفن اوڑھے
کشکول

○

अपनी लाहासिली की
सियाह कारी में
भीग जाती हूं तो
जान ठिठुरती है
फिर कपकपाता वजूद
अलाप कर
न होने का कफ़न ओढे
कशकोल

اٹھائے پھرتی ہوں
کہ ایک آدھ کٹوری
دھوپ مل جائے
تو شاید
اس جنم کا سرما گزر جائے
اور بادل ہیں کہ
برسوں سے
گرجتے ہی جا رہے ہیں
یہ جو ایک ڈھیر ہے
ملبہ ہے
سوختہ خواہشوں کا
آتما کی کپکپی
ملبے میں دب جائے گی
تو نے اے نصیب
اچھا نہ کیا
جو مجھے
ہر منزل کی دہلیز سے
لاحاصلی کی مالا پہنا کر
لوٹا دیا

उठाए फिरती हूं
कि एक-आध कटोरी
धूप मिल जाये
तो शायद
इस जन्म का सरमा गुज़र जाये
और बादल हैं कि
बरसों से
गरजते ही जा रहे हैं
यह जो एक ढेर है
मलबा है
सोख़्ता ख़्वाहिशों का
आत्मा की कपकपी
मलबे में दब जायेगी
तूने ऐ नसीब
अच्छा न किया
जो मुझे
हर मंज़िल की दहलीज़ से
लाहासिली की माला पहनाकर
लौटा दिया

O

سارا جگ
سو رہا تھا
وہ رات گئے
نیند کی لذت سے بے خبر
تصویروں میں رنگ بھرتی رہی
صبح
کوئی سارے رنگ چرا کر لے گیا
عجب دیوانی تھی
اگلی رات
پھر رنگ بھرتی رہی
اور اگلی صبح
پھر...
وہ عجب دیوانی ہے
جب بھی رات آتی ہے
رنگ بھرنے کی مشق
دہراتی ہے
اور پھر صبح...

○

सारा जग
सो रहा था
वह रात गए
नींद की लज़्ज़त से बेख़बर
तस्वीरों में रंग भरती रही
सुब्ह
कोई सारे रंग चुरा कर ले गया
अजब दीवानी थी
अगली रात
फिर रंग भरती रही
और अगली सुब्ह
फिर.....
वज अजब दीवानी है
जब भी रात आती है
रंग भरने की मश्क़
दुहराती है
और फिर सुबह......

O

میری موت
اُسی پل ہوئی تھی
جب تم نے
میری روح کو
میرے تن سے
نکال پھینکا تھا
یہ میری
لاش ہے
میں نہیں
کہیں تم
اپنی آنکھیں بھی...
پھر کیسے دیکھو گے؟
موت تو آہٹ ہے
کافی دن ہو گئے
اِس لاش کو
اٹھائے پھر رہی ہوں
آج
گلی کے کتے
بہت بھو کے تھے!
میری مانو
اِس لاش کو پناہ دو
اپنے ذہن کے
قبرستان میں

○

मेरी मौत
उसी पल हुई थी
जब तुमने
मेरी रूह को
मेरे तन से
निकाल फेंका था
यह मेरी
लाश है
मैं नहीं
कहीं तुम
अपनी आंखें भी.....
फिर कैसे देखोगे?
मौत तो आहट है
काफ़ी दिन हो गए
इस लाश को
उठाये फिर रही हूं
आज
गली के कुत्ते
बहुत भूके थे!
मेरी मानो
इस लाश को पनाह दो
अपने ज़िहन के
क़ब्रस्तिान में

O

تمہاری
خوش گماں آنکھوں سے
جو دنیا دیکھی تھی
سنگ مرمر کی بانہوں میں
سنہرے سپنوں سے سجی
خنک ہوا میں
پلتی رہی...
خوابوں کی افشاں
آنکھیں بوجھل کرتی رہی...
یوں تو
بے خوابی
جنم کی بات ہوئی تھی
نہ جانے
تمہارے لمس سے
...عجب سی نیند
اور پھر یہ خواب
جو تمہاری چاہت کی
صندلی چاندنی میں بھیگے
تعبیر لیے
جاگ رہے ہیں
اب تک

O

तुम्हारी
खुश-गुमां आंखों से
जो दुनिया देखी थी
संग-मरमर की बाहों में
सुनहरे सपनों से सजी
खुनक हवा में
पलती रही.....
ख़्वाबों की अफ़शां
आंखें बोझल करती रही.....
यूं तो
बेख़्वाबी
जन्म की बात हुई थी
न जाने
तुम्हारे लम्स से
.....अजब सी नींद
और फिर यह ख़्वाब
जो तुम्हारी चाहत की
संदली चांदनी में भीगे
ताबीर लिए
जाग रहे हैं
अब तक

○

دھوپ اکثر کھلتی ہے!
ہر بار
آنکھیں چراتی ہوں
کہ میں بیٹی ہوں
اک مصروف باپ کی
جس کی بے توجہی نے
میری بصارت
میری حرارت
بیس سال کی عمر میں بجھا دی تھی

o

धूप अक्सर खलती है!
हर बार आंखें चुराती हूं
कि मैं बेटी हूं
एक मसरूफ़ बाप की
जिसकी बेतज्जुही ने
मेरी बसारत
मेरी हरारत
बीस साल की उम्र में बुझा दी थी

اب تو
ہڈیاں سن ہو گئیں
دھوپ کی حرارت
سن ہڈیوں کو اچھی لگتی ہے
پر میں
آنکھیں چراتی ہوں
کہ میں بہن ہوں
سات سال چھوٹے بھائی کی
جس کے غصے بھرے تحکم میں
چھبیس سال کی عمر میں
میری آنکھوں سے
کاجل چھوٹا تھا
بیٹی بن کر جینے والی
بہن بن کر جینے والی
دھوپ کی حرارت کیا کرتا
آنکھوں کی بصارت کیا کرتا
تمہارے ساتھ کھڑے ہیں آج
میری عمر کے تیس برس!

अब तो
हड्डियां सुन हो गईं
धूप की हरारत
सुन हड्डियों को अच्छी लगती हैं
पर मैं
आंखें चुराती हूं
कि मैं बहन हूं
सात साल छोटे भाई की
जिसके गुस्से भरे तहक्कुम में
छब्बीस साल की उम्र में
मेरी आंखों से
काजल छूटा था
बेटी बन कर जीने वाली
बहन बनकर जीने वाली
धूप की हरारत क्या करना
आंखों की बसारत क्या करना
तुम्हारे साथ खड़े हैं आज
मेरी उम्र के तीस बरस

اب تو
ہڈیاں سن ہو گئیں
دھوپ کی حرارت
سن ہڈیوں کو اچھی لگتی ہے
پر میں
آنکھیں چراتی ہوں
کہ میں بہن ہوں
سات سال چھوٹے بھائی کی
جس کے غصے بھرے تحکم میں
چھبیس سال کی عمر میں
میری آنکھوں سے
کاجل چھوٹا تھا
بیٹی بن کر جینے والی
بہن بن کر جینے والی
دھوپ کی حرارت کیا کرتا
آنکھوں کی بصارت کیا کرتا
تمہارے ساتھ کھڑے ہیں آج
میری عمر کے تیس برس!

अब तो
हड्डियां सुन हो गईं
धूप की हरारत
सुन हड्डियों को अच्छी लगती हैं
पर मैं
आंखें चुराती हूं
कि मैं बहन हूं
सात साल छोटे भाई की
जिसके गुस्से भरे तहक्कुम में
छब्बीस साल की उम्र में
मेरी आंखों से
काजल छूटा था
बेटी बन कर जीने वाली
बहन बनकर जीने वाली
धूप की हरारत क्या करना
आंखों की बसारत क्या करना
तुम्हारे साथ खड़े हैं आज
मेरी उम्र के तीस बरस

من کی نظمیں

मन की नज़्में

○

وجود کے جو حصے
وجود کی تلاش میں کھو جاتے ہیں
اُن کا اندراج
زندگی کی کسی بھی File میں نہیں ملتا
ہاں ان نظموں میں
جو آنسوؤں کی روشنائی سے
لکھی گئی ہوں
وہ حصے بستے ہیں
لیکن پھر ہمیں تاریکی کو
اپنا نشیمن بنانا پڑتا ہے
اس راز سے زندگی نہیں
وجود واقف ہے
اور ہم
وجود نہیں
زندگی کا حصہ [illegible]

○

वजूद के जो हिस्से
वजूद की तलाश में खो जाते हैं
उनका इंद्रोज
ज़िंदगी की किसी भी फ़ाइल में नहीं मिलता
हां उन नज़्मों में
जो आंसुओं की रोशनाई से
लिखी गई हूं
वह हिस्से बसते हैं
लेकिन फिर हमें तारीकी को
अपना नशेमन बनाना पड़ता है
इस राज़ से ज़िंदगी नहीं
वजूद वाक़िफ़ है
और हम
वजूद नहीं
ज़िंदगी जीते हैं!

O

لڑکی

جب اپنی تلاش میں نکلتی ہے

اپنے دکھ خود بھوگتی ہے

اپنے خواب خود بنتی ہے

تو منافق

اس کا مقدر

غیبتوں سے بنتے ہیں

خدا بھی مداخلت نہیں کرتا!

یہ حیرانگی

لڑکی کو

فالج زدہ کرتی ہے

اور وہ

اپنی تلاش کھو بیٹھتی ہے

○

लड़की

जब अपनी तलाश में निकलती है

अपने दुख ख़ुद भोगती है

अपने ख़्वाब ख़ुद बुनती है

तो मुनाफ़िक

उसका मुक़द्दर

ग़ीबतों से बुनते हैं

ख़ुदा भी मुदाख़लत नहीं करता!

यह हैरांगी

लड़की को

फ़ालिज ज़दा करती है

और वह

अपनी तलाश खो बैठती है

o

تم بار بار
جینے کی خاطر
میری من کی مٹی میں
موت کیوں بوتے ہو؟
جو مٹی تخلیق کا دکھ
سہتی ہو
بانجھ نہیں ہوتی!
تم مجھ سے
اور کتنی نظمیں لکھواؤ گے؟

○

तुम बार बार
जीने की ख़ातिर
मेरी मन की मिट्टी में
मौत क्यों बोते हो?
जो मिट्टी तक़्लीफ़ का दुख
सहती हो
बांझ नहीं होती!
तुमें मुझ से
और कितनी नज़्में लिखवाओगे?

زندگی
مجھے دستک دیتے دیتے
دم توڑ رہی ہے
اس کو جی لینا
سب کچھ سہنے سے
بہت آسان تھا
بغیر تڑپے
سب کچھ سہنا
سب سے مشکل ہے
خوشی کا مر جانا بھی
مشکل ہے
دیکھو میں لفظ تراشتے تراشتے
لفظوں کی گرد میں
دفن ہو رہی ہوں
موت بانٹتے بانٹتے
میں جی نہیں سکتی!
میرا جیون اور مشکل نہ کرو
کہ میں موت کو
جینا شروع کردوں
موت سے پہلے مرجانا
بہت مشکل ہے!

ज़िंदगी
मुझे दस्तक देते हुए
दम तोड़ रही है
उसको जी लेना
सब कुछ सहने से
बहुत आसान था
बग़ैर तड़पे
सब कुछ सहना
सब से मुश्किल है
खुशी का मर जाना भी
मुश्किल है
देखो मैं लफ़्ज़ तराशते तराशते
लफ़्ज़ों की गर्द में
दफ़न हो रही हूं
मौत बांटते बांटते
मैं जी नहीं सकती!
मेरा जीवन और मुश्किल न करो
कि मैं मौत को
जीना शुरू कर दूं
मौत से पहले मर जाना
बहुत मुश्किल है!

○

اگر مجھے
کسی بھی زمین پہ
پاؤں رکھنے کا
کوئی حق نہیں
تو کیا میں
ہوا کی مانند
ہر منزل سے
سرسراتے ہوئے
گزر نہ جاؤں؟
ٹھہروں تو جاہ نہ دیں
گزروں تو طعنہ دیں!
پناہ مانگتی ہوں
ان سب سے مولا
جو تمہاری بنائی ہوئی
کائنات کے خدا ہیں

O

अगर मुझे
किसी भी ज़मीन पे
पांव रखने का
कोई हक़ नहीं
तो क्या मैं
हवा की मानिंद
हर मंज़िल से
सरसराते हुए
गुज़र न जाऊं?
